# विषय-सूची

## प्रथम खण्ड ( भाषा )

अध्याय पृष्ठ

१. अपभ्रंश भाषा : उद्भव और विकास १—५१

अपभ्रंश संज्ञा—अपभ्रंश का अर्थ—अपभ्रंश शब्द की प्राचीनता—संस्कृत व्याकरण में अपभ्रंश शब्द—गावी-गोणी आदि अपभ्रंश शब्दों का विश्लेषण—भाषा-विशेष के लिए अपभ्रंश शब्द का प्रयोग—अपभ्रंश और देशभाषा—प्राकृत-मेवापभ्रंशः—अपभ्रंश की प्रकृति—प्रकृतिः संस्कृतम्—अपभ्रंश की विशिष्टता—उकार-बहुला भाषा—अपभ्रंश भाषा की आरम्भिक अवस्था—पश्चिमोत्तर भारत की बोली और अपभ्रंश—आभीरी बोली और अपभ्रंश—आभीरादि में आदि कौन ?—क्या अपभ्रंश मूलतः पंजाब राजस्थान और गुजरात की बोली थी ?—अपभ्रंश के उत्थान का ऐतिहासिक कारण—अपभ्रंश के भेद—अपभ्रंश के क्षेत्रीय भेद—दक्षिणी अपभ्रंश—पूर्वी अपभ्रंश—परिनिष्ठित अपभ्रंश और उसकी मुख्य विशेषताएँ—लिपि-शैली की कठिनाइयाँ—ध्वनि-परिवर्तन के नियम—रूप-निर्माण की मुख्य प्रवृत्तियाँ।

२. परवर्ती अपभ्रंश और उसमें हिंदी के बीज ५२—९६

परिनिष्ठित अपभ्रंश में देसी बोलियों का मिश्रण—परवर्ती अपभ्रंश में देशभेद—परवर्ती अपभ्रंश का पश्चिमी साहित्य—पश्चिमी प्रदेश के परवर्ती अपभ्रंश की विशेषता—ध्वनि-संबंधी प्रवृत्तियाँ—रूप-निर्माण-संबंधी विशेषताएँ—पूर्वी प्रदेशों का परवर्ती अपभ्रंश साहित्य—पूर्वी प्रदेश के

परवर्ती अपभ्रंश की विशेषता—उक्ति-व्यक्ति प्रकरण और मध्यदेशीय अपभ्रंश—उक्ति-व्यक्ति प्रकरण की भाषा का नमूना—ध्वन्यात्मक प्रवृत्ति—रूप-रचना—कारक-विभक्ति—सर्वनाम—क्रियापद—आधुनिक भाषाओं का उदय—क्षेत्रीय भेद का कारण—गुजराती, मराठी और बंगला के उदय का कारण—हिन्दी बोलियों का उदय—मैथिली और राजस्थानी अवधी व्रजभाषा और खड़ी बोली—हिन्दी बोलियों के उदय पर प्रकाश डालने वाली सामग्री—खड़ी बोली की प्राचीनतम सामग्री।

३. अपभ्रंश से हिंदी का उद्भव और विकास ९७—१७२

कारक-विभक्ति—परसर्ग—सर्वनाम—सार्वनामिक विशेषण—संख्यावाचक विशेषण—क्रिया—काल-रचना—तिङन्त-तद्भव—कृदन्त-तद्भव—संयुक्त काल—संयुक्त क्रिया—अव्यय—वाक्य-विन्यास—शब्द-कोश।

## द्वितीय खण्ड ( साहित्य )

१. अपभ्रंश साहित्य १७५—२५८

अपभ्रंश साहित्य की सामग्री - पुराण साहित्य—राम-काव्य : स्वयंभू—त्रिभुवन—पुष्पदंत—रामकाव्य के अन्य कवि—कृष्णकाव्य और स्वयभू—कृष्णलीला और पुष्पदंत—पुष्पदंत का आदि पुराण—जैन परम्परा के अन्य पौराणिक पुरुषों-संबंधी काव्य—चरित काव्य—नाग कुमार चरिउ—जसहर चरिउ—करकंड चरिउ—कथा काव्य—भविसत्त कहा—जैन मुनियों का रहस्यवादी काव्य—जोइंदु का परमात्म प्रकाश और योगसार—रामसिंह का पाहुड़दोहा—बौद्ध सिद्ध कवियों की रहस्य साधना—दोहा कोष—शृंगार और शौर्य का

रोमांस काव्य—हैम प्राकृत व्याकरण के दोहे—मुंज के दोहे—संदेश रासक—नीति और सूक्ति काव्य—गद्य साहित्य—अपभ्रंश साहित्य का ऐतिहासिक महत्त्व।

२. अपभ्रंश और हिंदी का साहित्यिक संबंध २५६—३१६

अपभ्रंश और हिन्दी साहित्य के इतिहासकार—अपभ्रंश और हिन्दी का ऐतिहासिक सम्बन्ध—हिन्दी साहित्य का आदिकाल और अपभ्रंश—आदिकालीन हिन्दी साहित्य के अन्तर्गत अन्तर्विरोध—अपभ्रंश साहित्य के अन्तर्गत अन्तर्विरोध—परवर्ती अपभ्रंश का रूढ़ काव्य और हिंदी के चारण-काव्यों में उसका निर्वाह—हिंदी में अपभ्रंश की जीवंत परम्परा का विकास—अपभ्रंश लोकगीत और हिंदी के शृंगारी मुक्तक—वीसलदेव रास—ढोला मारू रा दूहा—अपभ्रंश कथाएँ और हिंदी के आख्यानक काव्य—राम और कृष्ण भक्ति काव्य—अपभ्रंश का सिद्ध साहित्य और हिंदी संत काव्य—काव्य रूप—छंद—हिंदी में अपभ्रंश छंदों का निर्वाह और सुधार—हिंदी में अपभ्रंश के काव्य-रूपों का निर्वाह और सुधार—काव्य रूढ़ियाँ—कथानक-संबंधी 'मोटिफ़' या रूढ़ि।

उपसंहार ३१७—३२०

परिशिष्ट : अपभ्रंश-दोहा-संग्रह ३२३—३५६

सहायक साहित्य

साधु शब्दों के समान अर्थ में लोक में प्रयुक्त होते हैं।[1] इसी तरह अन्य संस्कृत-वैयाकरणों का भी मत उद्धृत किया जा सकता है। इनसे व्याकरण शास्त्र में प्रचलित अपभ्रंश शब्द की उक्त अर्थ-परंपरा सहज ही पुष्ट होती है।

यहाँ एक बात की ओर विद्वानों का ध्यान उत्कृष्ट करना अनुचित न होगा कि इन वैयाकरणों ने संस्कृत से इतर भाषा अथवा बोली के लिए तो प्राकृत शब्द का प्रयोग किया, लेकिन संस्कृत से इतर शब्द के लिए अपभ्रंश शब्द का।

सहज ही प्रश्न उठता है कि गावी, गोणी आदि अपभ्रंश शब्द किस लोक-भाषा के थे? इन शब्दों का सम्बन्ध किन प्राकृतों से था? इस प्रश्न का समाधान महाभाष्य में तो नहीं मिलता, लेकिन प्राकृतिक-व्याकरणों में इनको समझने के कुछ सूत्र अवश्य प्राप्त होते हैं। चण्ड ने प्राकृत-लक्षणम् में गो के प्राकृत रूप 'गावी' का उल्लेख किया है।[2] हेमचन्द्र ने भी गोणी आदि प्राकृतिक रूपों का समर्थन किया है।[3] श्वेताम्बर जैनों के अर्धमागधी प्राकृत में लिखित ग्रन्थों में भी गावी और गोणी रूपों को लक्षित किया गया है।[4] इस प्रकार अपभ्रंश शब्दों पर विचार करते हुए वैयाकरणों का ध्यान क्रमशः संस्कृतेतर भाषाओं अथवा बोलियों की ओर गया और शीघ्र ही अपभ्रंश शब्द भाषा-विशेष के लिए भी प्रयुक्त होने लगा।

**गावी-गोणी आदि अपभ्रंश शब्दों का विश्लेषण**

बहुत संभव है गावी, गोणी आदि अपभ्रंश शब्द मूलतः गोपालक

---

१ अपशब्दो हि लोके प्रयुज्यते साधुशब्दसमानार्थश्च।

२ 'गोर गावी'। (प्राकृतलक्षणम्, २-१६)

३ गोणादयः। (सिद्ध-हेम-शब्दानुशासन, ८-२-१४७)

४ 'खीरीणियाओ गावीओ' (आचाराङ्ग, श्रु० २, उ० ४)
'गोणीणं संगेल्लं' (व्यवहारसूत्र, उ० ४) इत्यादि।
[अपभ्रंशकाव्यत्रयी, भूमिका, पृ० ७२ पर उद्धृत]

भणियं मायाइच्चेण "अहो, गाममहत्तरा ! महापावं मए कयं मित्त-दोज्झं णाम, ता अहं जलिअं कुआसणं पविस्सामि। देह मज्झ पसिअह कट्ठाई जलण व" त्ति। तउ भणियं एक्केण गाम-महत्तरेण—

(१) एहु एहउं दुम्मणस्साहु। सव्वं जे थुआ आरिदु। तुज्झणाउं वंक वलितउं। पारद्धउं। एतु मइं सुणइ, आतु-वर, आंति संप्रतु। तउ अण्णेण भणिय—

(२) थुज विरइदु घण-लवाय सुह-लंपडे, एतु मइ दुत्थड्ड-मण-मोह-लुद्धउं। तुं संप्रति ब्रोलतउं। एतु एतु मारद्धु भल्लउं। तउ अण्णेण भणिअं चिर जराजुण्णदेहेण—

(३) एत्थ सुज्झति किर सुवण्णं ए वइसाणर-मुह-गतउं कउं पाउ मित्तस्स वंचण। कामालिअ-ब्रत-धरणे एतु पाउ तुज्झे प्पणाहिय।"

तउ सयल-ड्रंग-सामिणा भणिअं जेट्ठ-महा-मयहरेण—

(४) धवल-वाहण धवलदेहस्स सिरि भ्रमेति; जा विमल-जल-धवलुजल, सा भडारी-यति-गंग प्रावेसि तुहुँ, मित्र द्रोज्झु तो णाम सुज्झति।"

मायादित्य और ग्राममहत्तरों के इस कथोपकथन में जितना अंश कथोपकथन का है वह तो अपभ्रंश भाषा में है और शेष विवरण प्राकृत भाषा में। जहाँ तक त द आदि दन्त्य ध्वनियों के परिवर्तन का संबन्ध है, अनियमित हैं और सौरसेनी ध्वनि-समूह से प्रभावित प्रतीत होता है। 'वैश्वानर' से 'वइसाणर' होने में जो 'ऐ' का 'आइ' हो गया है वह ध्यान देने योग्य ठेठ अपभ्रंश का लक्षण है। इसके अतिरिक्त एहउ, दुम्मणस्-साहु आदि प्रयोग अपभ्रंश के अपने हैं।

'कुवलयमाला' का दूसरा उदाहरण इससे भी अधिक मनोरञ्जक तथा भाषा के अध्ययन की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है। कथा का नायक राजकुमार मथुरा के एक अनाथ-मण्डप में पहुँचकर वहाँ के दीन-हीन कोढ़ी लूले आदि रोगग्रस्त गँवार लोगों से किस प्रकार बातचीत करता है इसका बड़ा ही सजीव चित्रण उद्योतन सूरि ने किया है।

को देखकर ही समस्त ग्रामीण बोली के लिए आभीरादि-गिरा संज्ञा का प्रयोग कर दिया हो क्योंकि भाषायें या तो प्रभावशाली जाति के नाम से जानी जाती हैं अथवा उस भाषा-भाषी प्रदेश के नाम से। इसका मतलब इतना ही हो सकता है कि अपभ्रंश बोलने वाले लोगों में आभीरों की बहुलता थी; यह नहीं कि अपभ्रंश आभीर जाति के साथ बाहर से लाई गई कोई विदेशी बोली थी।

**'आभीरादि' में आदि कौन ?**

यहाँ दण्डी के 'आभीरादि' कथन में 'आदि' के द्वारा किन जातियों की ओर संकेत है इस पर भी ध्यान जाना स्वाभाविक है। अनुमान है कि उनमें से एक जाति गुर्जर अवश्य होगी। यद्यपि गुर्जरों की अपनी बोली गौर्ज्जरी का उल्लेख प्राचीन ग्रंथों में भी मिलता है, तथापि यह भी तथ्य है कि भड़ोंच के गुर्जरों ने अपभ्रंश को संरक्षण और प्रोत्साहन दिया है। भण्डारकर और जैकसन की खोजों से पता चलता है कि छठीं शताब्दी ईस्वी में गुर्जरों ने गुजरात और भड़ोंच को जीता। उनकी मुख्य शाखा की राजधानी भीनमाल थी और दसवीं शताब्दी के मध्य तक उन्हें चालुक्यों के कारण भीनमाल छोड़ने को विवश होना पड़ा। परिणाम-स्वरूप ६५८ ई० में १८००० गुर्जरों ने सामूहिक रूप से एक साथ भीनमाल का इलाक़ा छोड़कर देशान्तर किया।[1] गुजरात नाम इन्हीं के कारण पड़ा। ऐसी दशा में स्वाभाविक है कि इन्होंने उस समय की पश्चिमी भारत की बोली अपभ्रंश को भी प्रभावित और प्रसारित करने में योग दिया हो। संभव है, आभीरों और गुर्जरों के अतिरिक्त ऐसी ही अन्य गोपालक

---

१ डी० आर० भंडारकर : 'ऑन गुर्जर (जे० बी० बी० आर० ए० एस०) जिल्द २१ पृ० ४१२, १६०२ ई०
ए० एम० टी० जैकसन : बॉम्बे गजेटियर, जिल्द १, भाग १, पृ० ४६५-६६ (एन० बी० दिवैतिया द्वारा गुजराती लैंग्वेज एंड लिटरेचर), जिल्द १, पृ० ३५ पर उद्धृत।

वैदर्भ, उपनागर, नागर, बार्बर, अवन्त्य, पाञ्चाल, टाक्क, मालव, कैकय, गौड, ओढ्र, वैवपश्चात्य, पांड्य, कौन्तल, सैंहल, कलिङ्ग्य, प्राच्य, कार्णाट, काञ्च्य, द्राविड, गौर्जर, आभीर, मध्यदेशीय, वैताल आदि।[1] परन्तु पुराने आचार्यों ने ही इन प्रभेदों का युक्तिपूर्ण ढङ्ग से खंडन कर दिया है इसलिये इनपर विचार करना व्यर्थ है।

विचारणीय वर्गीकरण है नमिसाधु और मार्कण्डेय का। नमिसाधु के विवेचन से मालूम होता है कि उपनागर से उनका तत्पर्य वही है जो मार्कण्डेय का नागर अपभ्रंश से है। सामान्यतः यह परिनिष्ठित अपभ्रंश है। किन्तु उपनागर का लक्षण बतलाते हुये एक स्थान पर नमिसाधु ने 'अभूतोऽपि क्वाप्यधो रेफः क्रियते'[2] का विधान किया है और उदाहरण-स्वरूप 'आचालउअचव्रचउक्कारवक्रूखीत्यादि' को रखा है। संभव है इसे कुछ लोग व्राचड का लक्षण समझें। शेष का लक्षण नमिसाधु ने नहीं बतलाया है।

दूसरी ओर मार्कण्डेय ने नागर अपभ्रंश के लिये पूरे तीन पाद (१७, १८ और १९), व्राचड के लिए ११ सूत्र और उपनागर के लिये केवल एक सूत्र का विधान किया है। व्राचड को मार्कण्डेय ने सिंधु देशोद्भव कहा है तथा उपनागर को नागर और व्राचड का संकर।

इन लक्षणों से विविध अपभ्रंशों के मौलिक भेदों का पता नहीं चलता।

आधुनिक विद्वानों ने अपभ्रंश का वर्गीकरण क्षेत्रीय आधार पर किया है। डा० याकोबी ने 'सनत्कुमार चरिउ' की भूमिका में अपभ्रंश को पूर्वी, पश्चिमी, दक्षिणी और उत्तरी चार भागो में बांटा है। इस विभाजन का कोई भाषावैज्ञानिक आधार नहीं प्रतीत होता। संभवतः ग्रन्थों के रचना-स्थान को दृष्टि में रखकर ही डा० याकोवी ने ऐसा वर्गीकरण किया है। अधिक से अधिक पूर्वी अपभ्रंश के बारे में यह कहा जा सकता है कि

---

१ प्राकृतसर्वस्व—४

२ अभूतोऽपि क्वचित्। ८।४।३९९ (हेमचन्द्र)

*शैली सम्बन्धी समस्यायें रह जाती हैं।*

'संदेश-रासक' की भाषा पर विचार करते हुये श्री हरिवल्लभ भायाणी ने लिपि-शैली की कुछ समस्यायें उठाई हैं।[1]

१—अनुनासिक-विधि अपभ्रंश-लिपि-शैली की पहली समस्या है जिसका प्रभाव उसके रूप-विचार पर भी पड़ता है। उदाहरण-स्वरूप तृतीया और सप्तमी के एक वचन और बहुवचन के लिये विभक्ति-चिह्न कहीं –हिं मिलता है और कहीं–हि। इस तरह षष्ठी एकवचन और बहुवचन में भी कहीं–हँ है और कहीं–ह। अनुनासिक-विधि द्वारा उत्पन्न होने वाले ये अन्तर अत्यन्त महत्वपूर्ण हैं।

२—लिपि-शैली की दूसरी समस्या है इ और य का परस्पर-विपर्यय। पूर्वकालिक क्रिया के रूपों में इसके कारण काल-क्रम का अंतर पड़ जाता है।

३—इस लिपि-शैली में य' श्रुति की अनिश्चितता भी बहुत देखी जाती है। फिर अ आ और अ आ के बीच में य' श्रुति का प्रयोग अनिवार्यतः दिखाई पड़ता है जब कि इ ई और उ ऊ के पूर्व प्रायः लुप्त रहता है; इनके अतिरिक्त अन्यत्र स्थिति के अनुसार वैकल्पिक होता है।

४—ण और न् के लेखन में भी अपभ्रंश लिपिकारों ने पर्याप्त प्रमाद दिखलाया है। संपादकों ने प्रायः शब्द के आरंभ में 'ण' को ही प्रश्रय दिया है। लेकिन आदि 'न' का सर्वथा बहिष्कार करना कठिन है।

५—ब् और व् के अनुलेखन में भी काफ़ी गड़बड़ी है। अनेक लिपिकारों ने प्रायः 'ब' को 'व' लिखा है।

ऐसी स्थिति में अपभ्रंश की ध्वन्यात्मक विशेषताओं पर अंतिम निर्णय देना खतरे से ख़ाली नहीं है; फिर भी अनेक ग्रन्थों की छान-बीन करते-करते विद्वानों ने कुछ सामान्य नियम स्थिर किये हैं जिन्हें स्वीकार किया जा सकता है।

प्रायः यह देखा जाता है कि प्राकृत से स्वतंत्र अपभ्रंश-ध्वनि-विचार

१ 'संदेश-रासक', भूमिका १०

**ध्वनि-परिवर्तन के नियम** नाम की कोई चीज नहीं है। अपभ्रंश ध्वनियाँ मूलतः प्राकृत ध्वनि-समूह का ही अनुसरण करती हैं। अपभ्रंश की विशिष्टता केवल दो बातों में दिखाई पड़ती है।

(क) ध्वनि-परिवर्तन की जो प्रवृत्ति प्राकृत में सामान्य थी वह अपभ्रंश में विशेष प्रबल अथवा प्रधान हो उठी; या

(ख) अपभ्रंश में कुछ ध्वनि-परिवर्तन ऐसे भी हुए जो प्राकृत से सर्वथा नए थे।

१—इस तरह अपभ्रंश में ध्वनि-परिवर्तन की पहली और सबसे प्रधान प्रवृत्ति है—'अन्त्य स्वर का ह्रस्वीकरण।[1] इसका तात्पर्य यह है कि जो अपभ्रंश के अपने शब्द हैं उन सबका अंत ह्रस्व-स्वर से होता है।

अन्त्य स्वर के ह्रस्वीकरण की प्रवृत्ति थोड़ी-बहुत संस्कृत पालि और फिर प्राकृत काल से ही चली आ रही है, लेकिन अपभ्रंश में यह प्रवृत्ति अत्यन्त प्रबल हो गई। प्रथमा और द्वितीया विभक्तियों में संस्कृत-ओ का उ हो जाना (जैसे, देवो >देवु) इसी प्रवृत्ति का परिणाम है। स्वयं अपभ्रंश में भी कालक्रम से यह प्रवृत्ति बहुत तेज़ी के साथ बढ़ रही थी। छंदों में पचमी-षष्ठी एकवचन के विभक्ति चिह्न—हे और—हो क्रमशः हॅं और—हॉं की तरह उच्चरित होने लगे थे। हेमचन्द्र-प्राकृत-व्याकरण में इसके उदाहरण भरे पड़े हैं—गिरिहॅं सिलायलु, तरुहॅं फलु; कन्तहोॅं दोसड़ा आदि,

इस प्रधान प्रवृत्ति के अतिरिक्त विद्वानों ने अपभ्रंश स्वर-परिवर्तन संबंधी कुछ और छोटी छोटी प्रवृत्तियों का ब्यौरा दिया है। डा० तगारे के अनुसार[2] अपभ्रंश में—

---

१ अल्सडोर्फ, अपभ्रंश स्टडीन, पृ० ७
डा० तगारे : हि० ग्रै० अप० §१८,१६
(श्री भायाणी द्वारा सन्देश रासक §४१ में उद्धृत)
२ हि० ग्रै० अप०, §२०-३०

७. प्राकृत तक लट् ( सामान्य वर्तमान काल ) के रूप प्रायः संस्कृत से मिलते-जुलते होते थे, जैसे

| | | |
|---|---|---|
| उत्तम पुरुष | करमि | करमु |
| मध्यम पुरुष | करसि | करह |
| अन्य पुरुष | करइ | करन्ति |

वहाँ अपभ्रंश तक आते आते ये रूप और भी घिस गए तथा इनका रूप पुरानी हिंदी से मिलता जुलता हो गया जैसे—

| | | |
|---|---|---|
| उ० पु० | करउँ | करहुँ |
| म० पु० | करहि | करह |
| अ० पु० | करइ | करइँ |

८. लोट् (आज्ञा) के रूपों में संस्कृत और प्राकृत की सी विविधता अपभ्रंश में नहीं रही। प्रायः अ, इ और उ कारान्त रूप होते थे, जैसे कर, करि करु।

९. अपभ्रंश में लृट् ( सामान्य भविष्यत् ) के रूप संस्कृत-ष्य-और प्राकृत-स्स-के अवशेष-स्वरूप—स—और—ह—दोनों प्रकार के होते थे; जैसे करिसइ और करिहइ। लेकिन परिनिष्ठित अपभ्रंश में—ह —प्रकार की प्रधानता थी।

१०. विधि लिङ् के रूप अपभ्रंश में प्रायः प्राकृत की ही तरह—ज्ज— प्रकार के ही होते थे, जैसे करिज्जइ आदि।

११. अपभ्रंश में भूत काल के क्रियापद तिङन्त नहीं थे। भूत काल की रूपरचना या तो—क्त आदि भूत कृदन्त के प्रत्ययों द्वारा होती थी; जैसे गय<√गम्+क्त अथवा √भू,√अस्√कृ आदि सहायक क्रियाओं के द्वारा संयुक्त काल के रूप में;

१२. अपभ्रंश में संयुक्त-क्रिया बनाने की प्रवृत्ति बहुत तेजी से चल पड़ी, जब कि प्राकृत में नहीं के बराबर थी। जैसे—रडन्तउ जाइ, जाउँ गउ, भग्गा एन्तु, भज्जिउ जंति आदि।

१३. क्रियार्थक संज्ञा के निर्माण के लिए प्राकृत में जहाँ —तुमुन्, — इउँ, — एउँ, — उँ आदि प्रत्ययों काउपयोग किया जाता था, वहाँ अपभ्रंश में इन सबके स्थान पर मुख्यतः — अण का प्रयोग होने लगा।

१४. पूर्वकालिक क्रिया के प्रत्ययों में अपभ्रंश ने प्राकृत के — इ, — एप्पि, — एप्पिणु, — एवि, — एविणु का निर्वाह करते हुए भी मुख्यतः — इ को ही अपनाया जैसे सुनि, चलि, करि आदि।

१५. अन्य प्रत्ययों में स्वार्थिक प्रत्यय—ड के प्रयोग की बहुलता अपभ्रंश की निजी विशेषता है।

उच्चारण और व्याकरण के अतिरिक्त अपभ्रंश ने शब्दकोश के क्षेत्र में भी विकास का नया चरण रखा। कुछ तो उसने तद्भव शब्दों में और भी ध्वनि परिवर्तन करके अपनी छाप लगा दी और कुछ देशी शब्दो के ग्रहण से अपना कोश समृद्ध किया। इसका विस्तृत विवेचन आगे किया जायगा।

पश्चिमी अथवा शौरसेनी अपभ्रंश के परिनिष्ठित रूप की इन मुख्य प्रवृत्तियों को देखने से कोई भी व्यक्ति दो निष्कर्षों पर पहुँचेगा। एक तो यह कि जो भारतीय आर्यभाषा संस्कृत और प्राकृत काल में प्रधानतः संश्लिष्ट थी वह अपभ्रंश तक आते-आते विश्लिष्टता की संभावनाओं को अत्यंत स्पष्ट रूप से प्रकट करने लगी थी और इस तरह अपभ्रंश भारतीय आर्यभाषा की विश्लिष्ट-संश्लिष्ट अवस्था के संधिकाल की सूचना देती है। दूसरी यह कि अपभ्रंश संस्कृत और प्राकृत की तरह व्याकरण-प्रधान अथवा 'व्याकरणिक भाषा' नहीं थी क्योंकि सरलीकरण की प्रबल प्रवृत्ति ने अपभ्रंश के ढाँचे को व्याकरण के जटिल नियमों से बहुत कुछ मुक्त कर दिया।

प्राकृत और अपभ्रंश का अंतर तथा संस्कृत से उनकी निकटता और दूरी देखने के लिये किसी एक गाथा तथा दोहा की तुलना की जा सकती है—

गो बोलि गमारन्हि छाड. ( ,, पृ० ३६)

तृतीया—वायसन्ह कोलाहल करु, (वर्ण० २६ ख)

जुबतिन्हि जलकेलि आरहु ( ,, ३० क)

तव्वे मन्तिन्ह कियउ प्रस्ताव (कीर्ति० ५६)

षष्ठी और सप्तमी बहुवचन के रूपों की यह विशेषता है कि—न्हि,—न्ह अन्त वाले इन विकारी रूपों के बाद परसर्ग भी प्रयुक्त होते थे। जैसे—

पष्ठी—जुवतिन्हि क उत्कंठा (वर्ण० ३० ख)

वेश्यान्हि करो निवास (कीर्ति० ३२)

सप्तमी—युवराजन्हि माँझ पवित्र (कीर्ति० १२)

३. निर्विभक्तिक अथवा लुप्तविभक्तिक पदों के बाद परसर्गों का प्रयोग करने में पूर्वी अपभ्रंश ने पश्चिमी की अपेक्षा अधिक साहस का परिचय दिया; यहाँ तक कि कीर्तिलता और वर्ण-रत्नाकर की भाषा इसी परसर्ग बहुलता के कारण लगभग विश्लिष्ट भाषा की श्रेणी में आ गई। नीचे परसर्ग-प्रयोग के कुछ उदाहरण दिये जा रहे हैं—

तृतीया—जुआर-सग (वर्ण० ३८ क)

मृत्यु-सञो कलकल करइतें अछ (वर्ण० ४१ क)

मनिनि जीवन मान-सञो (कीर्ति० ६)

चतुर्थी—साजन-कारण (वर्ण० ४७ ख)

जुज्झ-देक्खइ कारण (कीर्ति० १०६)

सामि-काज संगरे (कीर्ति० ८४)

एही आलिंगए-लागि (वर्ण० १८ क)

तवे मन कर तेसरा-लगि (कीर्ति०)

पञ्चमी—(1) जनि अमृत क सरोवर-सञो पंक उद्धारि आनल अछ (वर्ण० २८ क)

(ii) विन्ध्य-सञो विधाताजे किनि!काढल (कीर्ति० ८२)

(iii) वटइक नह-तह छोट, सुगपाखि-तह मोट
( वर्ण० ७६ ख )

(iv) दुरहुलि आ भा वड वड राआ, (कीर्ति० ४६)

षष्ठी के परसर्ग — कर, — क आदि की यह विशेषता है कि वह अपने संबद्ध परवर्ती संज्ञा के लिंग, वचन कारक के अनुसार रूप बदलता है अर्थात् षष्ठी परसर्ग — क° स्वतंत्र शब्द की तरह लिंग, वचन, कारक में अपना रूप-निर्माण करता है।

जैसेः तान्हि करी कुटिल कटाछटा (कीर्ति० ३६) और मध्यान्हे करी वेला (कीर्ति० ३०) में 'करी' का लिंग 'छटा' और 'वेला' के द्वारा निर्धारित हुआ है। इसी तरह परवर्ती संज्ञा के कारक का भी प्रभाव इस परसर्ग पर पड़ता है। जैसे,

(क) जब संबद्ध संज्ञा तृतीया में हो—

आदित्य कें भयें नुकाइल अंधकार (वर्ण० ३० ख)
तन्हि के दान्ते आघातल सरल वृत्त (वही ५० क)

(ख) जब संबद्ध संज्ञा सप्तमी में हो—

श्वेत पंकज काँ दल भ्रमर बइसल, (वर्ण० १८ क)
सिंहासन काँ उपर (वर्ण० ३६ क)
नागरन्हि काँ मन गाड (कीर्ति० ३६)
अधम उत्तम काँ पारक (कीर्ति० १६)
आनक तिलक आनकाँ लाग (कीर्ति० ३०)

अन्तिम दोनों उदाहरणों में संबद्ध संज्ञा अन्तर्निहित है; जैसे 'आनक तलक आनकाँ (भाल पर ?) लाग' यह भाव है।

जन्हि के निर्माणे विश्वकर्महु भेल बड़ प्रआस। (कीर्ति० ३२)

(घ) जब संबद्ध संज्ञा भावलक्षण अथवा सति सप्तमी में हो—

तेतुली वेला मातृ मित्र महाजन के बोलन्ते
हृदय-गिरिकन्दरा-निद्राण पितृ-वैरि-केशरी जागु (कीर्ति० १८)

४. विभक्ति-लोप होने तथा उनकी पूर्ति के लिए आवश्यक परसर्ग न मिल

सकने के कारण अन्वय के लिए जे, से आदि सर्वनामों की सहायता द्वारा 'पेरीफ्रेसिस' की गई।[1] जैसे,

(क) विद्युल्लता क तरङ्ग, तें पथ-दिशा-ज्ञान हों (इ) ते अछ
(वर्ण० ३१ क)

(ख) मदे जे उन्मत्त हाथि, तन्हि के जे दान्ते आघातल सरल वृक्ष,
ता सञो च्युत भेल जे निर्यास, तकर परिमल से कइसन अछलु।
(वर्ण० ५० क)

(ग) पदातिक घर्म्म, एन्हि वाट कादव भइ गउ (वर्ण० ४६ क)

५. सर्वनाम के रूप भी घिसकर अपभ्रंश की अपेक्षा आधुनिक बोलियों के अधिक नजदीक आ गए, विशेषतः कीर्तिलता में; जैसे मोर, तोर, मोके, तोके, मोहिं, तोहिं आदि। अन्य पुरुष के लिए अपभ्रंश में जहाँ से, ते आदि का प्रचलन था, पूर्वी अपभ्रंश में धड़ल्ले से ओइ∠अदस् (हेमचन्द्र) वाले रूप चल पड़े।
जैसे; नअर नहिं नर समुद्र ओ (कीर्ति० ३०)
ओह पास दरबार सएल महिमण्डल उप्पर (कीर्ति० ५०)

६. क्रियापद के प्रयोग में :—

(क) सामान्य वर्तमान काल (लट् लकार्) के तिङन्त के रूप स्वर-संकोचन अथवा संधि के द्वारा आधुनिक हो गए। जैसे 'करइ' = (अ+इ), करै
अंग न राखै राउ (कीर्ति० ७६)

किन्तु संकोचन या संधि की इस प्रवृत्ति का कीर्तिलता में आरम्भ ही दिखाई पड़ता है, ज्ञात होता है कि उस समय तक इस प्रवृत्ति का पूरा प्रसार नहीं हो सका था।

(ख) वर्णरत्नाकर और कीर्तिलता तक आते आते √भू √अस् आदि सहायक क्रियाओं के रूप काफी घिस कर आधुनिक हो उठे थे।

---

१. वर्ण रत्नाकर, अंग्रेजी भूमिका, ३८

प्रयोगं नीता, वाच्यत्वमायाति ।·········यां संस्कृतभाषामुच्छिद्य याऽपभ्रंशभाषा प्रवृत्ता तस्याः स्थाने यदा सैव संस्कृतभाषा पुनः परिवर्त्य प्रयुज्यते तदाऽपभ्रंशभावैव दिव्यत्वं प्राप्नोति। पतिता ब्राह्मणी कृतप्रायश्चित्ता ब्राह्मणीत्वमिति चेति।'

चूँकि 'उक्ति व्यक्ति' व्याकरण ग्रंथ है इसलिये देशभाषा के नमूने विकीर्ण वाक्यों, वाक्यांशों अथवा पदों के रूप में ही प्राप्त होते हैं। ग्रंथकार ने प्रायः ऐसे वाक्यों और वाक्यांशों का संस्कृत अनुवाद भी दे दिया है। भाषा पर विचार करने से पूर्व ग्रंथ की पद्धति का कुछ नमूना देख लेना आवश्यक है। उदाहरणार्थ यहाँ नवीं कारिका और उसकी व्याख्या का कुछ अंश दिया जा रहा है।

'आथि' इति कर्तृनिष्ठा 'कीज' इति साध्यगा क्रिया तस्मात्।
अस्ति-करोती धातू अकर्मक-सकर्मका एवम्॥

अथ 'अकर्मक-सकर्मका एवम्' इत्युक्तम्, अतो बालशिक्षार्थं तदनुगता लोकोक्तयो अपरा अपि कियन्तो लिख्यन्ते। तत्राकर्मकधात्वर्थानुगतास्तावद्, यथा—'गंग न्हाएं धर्म हो, पापु जा'—गंगाया स्नाते धर्मो भवति, पापं याति।

**उक्ति-व्यक्ति-प्रकरण की भाषा का नमूना**

अथवा—'धर्म भा, पापु गा'—धर्मो बभूव, पापं जगाम।

अथवा—'धर्म होइह, पापु जाइह'—धर्मो भविष्यति, पापं यास्यति।

—एवमन्येऽपि पल्लवाः पूर्वोक्ताः प्रतिप्रयोगं योज्याः बालशिक्षार्थम्। ग्रन्थविस्तारभयाच्च न दर्शिताः।

'जस जस धर्मु बाढ, तस तस पापु घाट'—यादृग् यादृग् धर्मो वर्धते, तादृग् तादृग् पापं घट्टति, घट्टयति वा। घट्ट चलने भ्वादौ चुरादौ च।

'जब जब धर्मु बाढ, तब तब पापु ओहट'—यदा यदा धर्मो वर्धते, तदा तदा पापं अवघटति, अवघटयति वा। घट संघाते चुरादौ।

'जैसें जैसें धर्मु जाम, तैसें तैसें पापु खाम'—यथा यथा धर्मो

३. तृतीया एक वचन में अपभ्रंश काल की — एं, — इं प्रत्यय के अवशेष 'उक्ति-व्यक्ति' में भी मिलते हैं ! जैसे—

जीभें चाख (६।६), नाकें सूँघ (६।१३), हाथें छूअ (६।१६)
हंसिएँ औहि लविति कमारें (१३।२२) वआलिँ रखु उपड (३४।१८)

४. सप्तमी में या तो किसी प्रत्यय का प्रयोग नहीं मिलता या केवल अनुनासिक का प्रयोग मिलता है । जैसे—

मुहँ चूँब, सेजँ ओलर, कोलँ ले (६।२०)
सबहि भूतँ दया करु (६।३०), खेतँ हंसिएँ औहिँ लवितिँ कमारेँ (१३।२२)

५. —हि, — हिँ ऐसी व्यापक प्रत्यय है जिसका प्रयोग प्रायः द्वितीया और चतुर्थी में तथा कभी कभी तृतीया और सप्तमी में भी एक वचन और बहुवचन दोनों में दिखायी पड़ता है ।

भीचहि ताड़ (४८।७), बाघहि डर (४८।२७) देवहि नवँ (४५।१६)
सबहि उपकारिआ होउ (१०।४),
बिहाणहिं आदितु रचा (३४।२३) ।

६. इन विभक्तियों और विकारी रूपों के अतिरिक्त विभिन्न कारकों के लिये कुछ परसर्ग भी प्रयुक्त हुये हैं । इनमें से सम्प्रदान कारक के लिये प्रायः किह, केहँ, किँह, किहँ परसर्गों का प्रयोग हुआ है; जैसे—

ब्राह्मणु-किहँ (१४।१०) परकेहँ, आपणु केहँ (३८।१५)
जूझण किहँ (३४।८), करबेँ किहँ, पढ़बेँ किहँ, जाबेँ विहँ (११।२०-२३) कभी कभी संबंध कारक का परसर्ग — कर भी सम्प्रदान में प्रयुक्त हुआ है जैसे—बणिएँ-कर घणु धर (१४।२०) ।

७. अपादान में तौ, पास, हुत (हुत) या हँती परसर्गों का प्रयोग किया गया है; जैसे—

बाघ तौ डरा (१४।१६), ओभा पास बीदा ले (१४।१६), गाँव-हुँत आव (१४।१५), कहाँ हुतें ए पुरुषु आ (२३।१५)

| | | |
|---|---|---|
| च० | जा-किहँ (१४-२३) | × |
| पं० | जा-तउ | × |
| ष० | जा कर (३३।२५) | × |
| स० | जैहा (३३।१६) | × |

६. प्रश्न-वाचक सर्वनाम—

पुंलिंग और स्त्रीलिंग

| | एक वचन | बहु वचन |
|---|---|---|
| प्र० | को (१६।१८) | के (२१।२१) |
| द्वि० | को (२२।५) | × |
| तृ० | केइ, केइँ (२१।३) | × |
| च० | का किहँ, काहि (२२।२७), का करें (१५।१) | × |
| पं० | का-तउ, का-पास, का पासु | × |
| ष० | काँ-कर | × |

नपुंसक लिंग

प्र० – द्वि०, एक वचन – काह, किछु (१४।२३)

तृ० काहँ (२२।६)

७. अनिश्चय वाचक सर्वनाम—

| प्र० | द्वि० | तृ० |
|---|---|---|
| कोउ (२१।१८) | काहु (५६।३१) | केहुँ (१४।२३) |

८. निज वाचक सर्वनाम—

द्वि०—अपाण (४१।२३)

ष०—आपण (३८।१३), बहु० आपणे (४४।२८)

तृ०—आपणे (३६।१४)

च०—आपण-किहँ (३८।१५)

स०—आपणी जाति (५२।१६)

१. 'उक्ति-व्यक्ति' की भाषा ने पूर्ववर्ती अपभ्रंश के माध्यम से संस्कृत की अनेक धातुओं का उत्तराधिकार प्राप्त किया लेकिन जिस विकरण-

विविधता के कारण संस्कृत धातु दस गणों में विभाजित होते हैं, वह कम हो गया और संज्ञा शब्दों की तरह क्रियायों में भी — अ — विकरण वाले रूपों की प्रधानता हो गई। किन्तु 'उक्ति-व्यक्ति' काल में देशभाषाओं पर संस्कृत-प्रभाव इतने व्यापक रूप से पड़ रहा था कि अनेक तत्सम और अर्ध-तत्सम धातु 'उक्ति व्यक्ति' में स्वीकृत हो गए। छेद, विभंज, अनुशील, रव, सूच, दर्प्प, गवेस, उत्कीर्त, आज्ञाप, शेष, बर्ज, आलाप, प्रतिबिम्ब, क्षोभ आदि ऐसे ही शब्द हैं जो धातु के रूप में प्रयुक्त हुए हैं।

क्रियापद

२. परस्मैपद और आत्मनेपद का भेद तो बहुत पहले ही लुप्त हो चुका था, अय-विकरण वाले चुरादि गण के प्रेरणार्थक रूप तथा नाम धातु के रूप भी क्रमशः जो सामान्य — अ — विकरण वाले रह गए थे, 'उक्ति व्यक्ति' में आकर और भी संक्षिप्त हो गए; जैसे चोरयति, कथयति, मार्गयति, छिद्रयति आदि अपभ्रंश में चोरइ, कहइ, माँगइ, छेदइ हो गए और फिर 'उक्ति व्यक्ति' में केवल चोर, कह, माँग, छेद रह गए।

३. सामान्य और प्रेरणार्थक क्रियाओं का आरंभिक अंतर मिट गया और उसके स्थान पर धातु-स्वर को दीर्घीकरण की प्रवृत्ति हो गई, जैसे झड = झटति, झाड़ = झाटयति (४३।२३); टुट = त्रुट्यति, तोड़ = त्रोटयति (४५।११)। इसी प्रकार मूल धातु और प्रेरणार्थक तथा नाम धातु का आरंभिक अंतर मिट जाने के बाद अंतर करने के लिए — आव — अव —, — आ —, — आअ — विकरण का सहारा लिया गया। जैसे—

दर्पयति के लिए दापव (५१।२१), विज्ञापयति के लिए विनव (३१। २८), निवट, निवटाव (४८। १४, = निवर्तते, निवर्तयति)

४. अनेक देशी धातुओं को भी 'उक्ति व्यक्ति' ने संस्कृत उपसर्ग और गुण-वृद्धि के द्वारा सामान्य क्रियापदों के साँचे में ढाल दिया है, यहाँ तक कि उनकी व्युत्पत्ति का पता लगाने में और भी कठिनाई उपस्थित हो गई है।

गोश चोचों कोई न वासिल था ॥
इश्क का रमूज़ प्यारा है।
कुज मदद पीर के न चारा है।।[1]

इस तरह की और भी पंक्तियाँ उर्दू भाषा और साहित्य के इतिहास-कारों ने इतिहास के आदि काल में उद्धृत की हैं। उन विवरणों से पता चलता है कि दखिनी के पहले ग्रंथकार ख्वाजा बदानवाज़ गेसूदराज़ मुहम्मद हुसैनी (१३१८-१४२२ ई०) हैं और उनकी रचनाओं में भाषा की दृष्टि से 'मीराजुल आशकीन' काफी महत्त्वपूर्ण है। यह उन्नीस पन्नों का अरबी फारसी मिश्रित हिंदी गद्य है। इसकी जो प्राचीनतम प्रति प्राप्त हुई है वह भी १५०० ई० की लिखी हुई है इसलिए इसे १५ वीं सदी की बोली की प्रामाणिक सामग्री माना जा सकता है। इसके कुछ नमूने निम्नलिखित हैं—

१. इंसान के पूजने कूँ पाँच तन, हर एक तन को पाँच दरवाजे हैं, होर पाँच दरवान हैं, पैला तन वाजिब-उल-वजूद, मुक़ाम इसका शैतानी, नफ्स इसका अम्मारह यानी वाजिब-उल-वजूद की आँख सों ग़ैर न देखना सो। हिर्स के कान सों ग़ैर न सुनना सो, हसद तक सों बदबोई न लेना सो, बाज की जबान सों बदगोई न करना सो...पीर तबीयत कामुल होना नब्ज पहचान दवा लेना।[2]
२. इसमें आपकूं देखिया सो खालिक में ते ख़ालिक की इज़हार किया।
३. मुहम्मद हमें ज्यों दिखलाए त्यों तुम्हें देखो।
४. ऐ भाई सुनो जे कोई दूध पीवेगा सो तुम्हारी पैरवी करेगा शरियत पर कायम अछेगा। पानी पीवेगा सो विश्वास के कतरया में डूबेगा।
५. जबराईल हजरत कूँ बोले ऐ मुहम्मद दुरस्त।
६. ये तीनों झाड़ हर एक मोमिन के तन में है।
७. हदीस व नबी फ़रमाय है।

---

१. डा० बाबूराम सक्सेना : दक्खिनी हिंदी, पृ० ३१ पर उद्धृत, १९५२ ई०
२. हामिद हसन क़ादरी : दास्ताने तारीखे उर्दू

में भी यह उकार प्रवृत्ति नहीं मिलती; 'कीर्तिलता' में यह प्रवृत्ति मिलती तो है लेकिन कम और जो उदाहरण मिलते भी हैं उनमें अधिकांश कर्तृवाचक और कर्मवाचक ही हैं; जैसे–

तबहु पिआजु पिआजु पइ।

जसु पत्थावे पुएडु

कीर्तिलता में ही अन्यत्र कहीं कहीं सम्बन्ध कारक में भी—उ विभक्ति का प्रयोग मिलता है; जैसे

मुहु भीतर, सेएडु संख, महामासु खंडो।

३.— हि,—हिं विभक्ति और उसके विविध रूपान्तर— अपभ्रंश में यह करण और अधिकरण, बहुवचन की विभक्ति है।

अत्थिहिं ठाउ फंडइ। (करण) : हेम०

अंगहिं अंगु न मिलिउ ,, ,,

अंगिहि गिम्ह (अधि०) ,,

कभी कभी अधिकरण, एक वचन में भी—हिं का प्रयोग हुआ है–

एकहिं अक्खिहिं सावणु (हेम०)

इसी तरह —हि विभक्ति का प्रयोग सामान्यतः इकारान्त शब्दों के अधिकरण, एक वचन में होता है—

अद्धा वलया महिहि गय (हेम०)

लेकिन जैसा कि डा० चैटर्जी ने लिखा है, आगे चलकर यह विभक्ति विविधि कारकों के लिये 'ए सॉर्ट ऑव मेड-ऑव-ऑल-वर्क' हो गई।[1] अपने अविकल रूप में भी करण और अधिकरण के अतिरिक्त कर्म, सम्प्रदान, अपादान आदि कारकों में इस्तेमाल की जाने लगी।

कर्मकारक :–

भीचहि ताड़। (उक्ति०)

सत्रुहि मित्र कए। (कीर्ति०)

---

१. उक्ति व्यक्ति : स्टडी, पृ० ३७

आपुनि पौढ़ि अधर सेज्या पर (सूर०)
हम पै कोप कृपावति (सूर०)

१०. सम्प्रदान सर्ग परकेहिं और उसके रूपान्तर :—
हउँ झिज्जउँ तउ केहिँ (हेम०)
पर केहँ, आपणु केहँ, पढ़बे किहँ (उक्ति०)

सम्भवतः अवधी के कर्म-सम्प्रदान का परसर्ग—कहुँ अथवा कहँ इस केहिँ और केहँ का रूपान्तर है—

तिन्ह कहँ सुखद हास रस एहू। (मानस)
पहुँचि न सके सरग कहँ गए (पद्मा०)

विद्वानों ने प्रायः कहँ का संबंध संस्कृत के कल्पित रूप 'कक्षं' से जोड़ा है लेकिन अभी तक इसका प्रयोग कहीं देखने में नहीं आया। कर्म और सम्प्रदान के परसर्ग प्रायः परस्पर-विनिमेय हैं, साथ ही अर्थ की दृष्टि से भी दोनों कारक एक दूसरे के अत्यधिक निकट हैं इसलिए अवधी कहँ का संबंध हेमचन्द्र के केहिँ से जोड़ना अधिक वैज्ञानिक प्रतीत होता है।

(क) काँ, कौं, कूं और को :—
हम काँ ओढ़ावै चदरिया हो चलै की बेरिया। (कबीर)
जस यह समुद दीन्ह दुख मो काँ। (पद्मा०)
देबे कौं कछु नाहिं। (कबीर)
मेरा मन सुमिरै राम कूं ,,
करौं भरोसो का को (गीतावली)

११. तण और उसके रूपान्तर :—अपभ्रंश में तण का प्रयोग करण, सम्प्रदान और संबंध तीन कारकों में हुआ है; जैसे—
करण : केहि तणेण, तेहिं तणेण (हेम०, ४।४२५)
महुँ तणइ (परमात्म प्रकाश २।१८६)
सम्प्रदान : बड्डत्तणहो तणेण (हेम०, ४।३६६)
सिद्धत्तणहो तणेण (पाहुड़० ८८)

तुम्हे सेवइ सबराए। (कीर्ति०)
की तुम्ह हरि दासन महँ कोई। (मानस)
तुम हौ बीच भुलाने। (सूर)

खड़ी बोली में प्रायः तुम का प्रयोग बहुवचन के अतिरिक्त एकवचन में भी होता है। जब तुम के बाद ने, को, से, पर परसर्गों का प्रयोग होता है तो इसका रूप यथावत् रहता है, लेकिन कर्म, सम्प्रदान और सबंध कारक में यह तुम्ह हो जाता है और तुम्हें, तुम्हारे, तुम्हारे लिए आदि रूप बनते हैं।

(घ) तउ 7 तो और तोहि:—

तउ मूलतः संस्कृत संबंधकारक के तव का रूपान्तर है—

तउ गुण सम्पइ (हेम०)

आगे चलकर तउ तो हो गया और इसमें अन्य कारकों की विभक्तियाँ लगाकर तोहि (कर्म०), तोर (सबंध०) आदि रूप बनाए जाने लगे।

तोहि (उक्ति० २२।४)
अरु तोहि मारइ से पुनु काअर। (कीर्ति०)
तोहिं बड़ी कृपण मै पाई। (सूर०)
की तोहिं लागहिं राम प्रिय (दोहा०)
एन्ह मांझ कवण तोर भाइ। (उक्ति०)
पुन्यसिलोक तात तर तोरे। (मानस०)

(ङ) तुज्झ 7 तुम्ह:

तुज्झ मदि। (हेम०)
तुज्झु दिअउँ जिवदान। (कीर्ति०)

खड़ी बोली में तुम्हे और तुम्हको का प्रयोग कर्म-सम्प्रदान में होता है।

२४. अन्य पुरुष सर्वनाम के लिए अपभ्रंश में संस्कृत सः (तत्) वाले रूपों के अवशेष ही अधिक चलते हैं। लेकिन आगे चलकर अवधी, ब्रज और खड़ी बोली में दूरवर्ती निश्चयवाचक सर्वनाम वह के रूप अन्य पुरुष के लिए भी प्रचलित हो गए। अपभ्रंश में ठीक-ठीक वह

इसे सर्वसम्मति से संस्कृत 'आत्मन्' का अपभ्रंश माना जाता है।

फोडेन्ति जे-हिअडउँ अप्पणउँ (हेम०)
निलज्जु, अपाण वान। (उक्ति०)
आपण पूनु हराव। (उक्ति०)
सिष्ट आपणे बोलें न चलइ। (उक्ति०)
मैं अपनी दिसि किन्ह निहोरा। (मानस)
अपनो चौंड़ आनि उड़ि बैठ्यो (सूर०)

अवधी और ब्रज में अप्पण का ही एक रूप आप हो जाता है

आपु विरचि उपरोहित रूपा। (मानस)
आप खाय तो सहिए। (सूर०)

आगे चलकर खड़ी बोली में मध्यम पुरुष सर्वनाम के लिए आदरार्थ इस आप का प्रयोग होने लगा जैसे:—आपका शुभनाम क्या है? आप कहाँ जायँगे। आदि

२६. निकटवर्ती निश्चयवाचक सर्वनाम के लिए अपभ्रंश में दो प्रकार के रूप मिलते हैं—एह् वाले रूप और आय वाले रूप।
जैसे :—

एह् कुमारी एहो नरु (हेम०)
आयई लोअहो लोअणइ (हेम०)

परंतु ऐसा प्रतीत होता है कि परिनिष्ठित अपभ्रंश में एह् वाले रूपों का ही प्रचलन अधिक था। आगे चलकर अवहट्ट, अवधी, ब्रज और खड़ी बोली में इसी की परपरा चली। एह् के अन्य रूप यह, ये, इस, और इन हैं।

'उक्ति व्यक्ति' में 'यह्' का प्रयोग तो नहीं मिलता लेकिन इसके बहुवचन ए (=ये) का प्रयोग अत्यधिक है। इसके अतिरिक्त 'एन्ह् माँझ' जैसे उदाहरणों में एन्ह् > इन्ह, इन, विकारी रूप भी मिलते हैं।

'कीर्तिलता' में ए (ये) के स्थान पर ई मिलता है, जो पूर्वी प्रदेशों की विशेषता है।

कइसे लागत आँचर बतास। (कीर्ति० ३६)
राजत लोचन लोल। (मानस)
हरि अहार चलि जात। (सूर०)
राम को रूप निहारति जानकी (कविता वली)

४५. भूतकालिक कृदन्त—अपभ्रंश में भूत काल में प्रायः निष्ठा के ही रूप प्रचलित थे; तिङन्त रूप नहीं। यही परम्परा भूत काल के विषय में हिंदी बोलियों में भी दिखाई पड़ती है।

गयउ सु केहरि। (हेम० ४।४२२)
अम्मणु लाइवि जे गया। (हेम० ४।३७६)
पुरुष हुअउं बलिराय। (कीर्ति०, ८)
चन्दन क मूल्य इंधन विका। (कीर्ति०, ६८)
लषन सकोप बचन जब बोले (मानस)
आयो घोस बड़ो व्यापारी। (सूर०)

भूत कृदन्त के इन रूपों में लिंग और वचन के अनुसार परिवर्तन भी होते हैं। कुछ धातुओं में भूत कृदन्त के रूप ने परस्पर एक दूसरे को प्रभावित किया है; जैसे √दा+क्त अपभ्रंश में 'दिएण' होता है और √कृ+क्त 7किय लेकिन एक दूसरे को प्रभावित करने के कारण ब्रज-अवधी में √ दा √ कृ के भूत-कृदन्त रूप दीनो, दियो तथा कीनो, कियो दोनों तरह के होते हैं।

४६. भविष्यत् कृदन्तः—अपभ्रंश में कभी कभी—अव्व ∠ —तव्यत् प्रत्यय वाले रूप सामान्य भविष्यत् काल का कार्य करते थे; जैसे—

महु करिएव्वउँ किं। (हेम० ४।४३८)

अपभ्रंश के इस रूप का प्रचलन अवधी तथा अन्य पूरबी बोलियो में दिखाई पड़ता है।

वेद पढ़ब, स्मृति अभ्यासब, पुराण देखब, धर्म करब (उक्ति०, १२)

झंख करिव्वउं काइ। (कीर्ति०, ६४)
नैहर जनम भरब बरु जाई। (मानस)
हमहुं कहब अब ठकुर सोहाती ,,

इस तरह के प्रयोग ब्रज भाषा में भी मिल जाते हैं, किन्तु खड़ी बोली में ये रूप सर्वथा अप्रचलित हो गए।

४७. पूर्वकालिक कृदन्तः—हेमचन्द्र ने अपभ्रंश में पूर्वकालिक के लिए –इ, –एवि, –अवि, – इवि, – इउ, –एप्पि, – एप्पिणु, एविणु आठ प्रत्ययों का विधान किया है (प्रा० व्या० ४।४३९-४०) लेकिन इनमें – इ प्रत्यय का ही विशेष चलन दिखाई पड़ता है; जैसे–कर्+इ=करि। हिन्दी बोलियों में – इ प्रत्यय वाले रूपों के अतिरिक्त इसके कुछ अन्य विकृत रूपों का भी प्रचलन रहा।

पकरि के (सूर०)
प्रभु सों निषाद ह्वै के बाद न बढ़ाइहौं। (कवितावली)
करकें (चौरासी वैष्णवन की वार्ता)

खड़ी हिंदी में अधिकतर – अ वाले रूप तथा उनके साथ √ कर्+अ = कर का प्रयोग करके पूर्वकालिक रूप बनाया जाता है; लेकिन जहाँ दो बार कर कर आता है वहाँ दूसरे कर का के हो जाता है और इस तरह करके रूप बनता है। इस तरह खड़ी हिंदी में चल कर और चल कर के दोनों रूप चलते हैं।

## संयुक्त काल

४८. सामान्य वर्तमान काल—यद्यपि अपभ्रंश में सामान्य वर्तमान काल की क्रिया अधिकांशतः चलइ, करइ जैसे तिङन्त-तद्भव रूप वाली हुआ करती थी, तथापि कभी कभी वह कृदन्त और तिङन्त-तद्भव रूपों के संयोग से भी काल रचना करती थी; जैसे—

करत म अच्छ = म करत अच्छ। (हेम० ४)

इस तरह संयुक्त ढंग से सामान्य वर्तमान काल बनाने की प्रवृत्ति धीरे-धीरे जोर पकड़ती गई और आज स्थिति यह है कि आधुनिक खड़ी बोली

में सामान्य वर्तमान काल के रूप केवल इसी तरह बनते हैं; जैसे करता है, करते हैं, करतो है, करतो हैं, करता हूँ, करते हो आदि। यह प्रवृत्ति ब्रजभाषा में ही जोर पकड़ गई थी, अन्तर इतना ही है कि उसमें कृदन्त वाले रूप आकारान्त या दीर्घ स्वरान्त नहीं हुए थे; जैसे—

ताको कहाँ अब देति है सिच्छा। (सुदामा चरित)

सालति है नटसाल सी। (विहारी)

४६. अपूर्ण भूत कालः—वर्तमान कालिक कृदन्त के बाद भूतकालिक सहायक क्रिया का तिङन्त रूप जोड़ देने से अपूर्ण भूत काल का बोध होता है जैसे करता था, करते थे, करती थी, आदि। अपभ्रंश में भूतकालिक सहायक क्रिया का विकास न होने के कारण इस काल के संयुक्त रूप प्रायः नहीं मिलते, लेकिन परवर्ती अपभ्रंश से इसके उदाहरण मिलने लग जाते हैं।

को तहाँ जेवँत आछ = कस्तत्र भुञ्जान आसीत। (उक्ति०, २१)

काल्हि हमहिं कैसे निदरति ही = निदरती थी (सूर०)

५०. आसन्न भूत (पूर्ण वर्तमान) कालः—भूतकालिक कृदन्त के बाद वर्तमान-कालिक सहायक क्रिया के तिङन्त-तद्भव रूप को जोड़ने से पूर्ण वर्तमान अथवा आसन्न भूत काल की क्रिया बनती है; जैसे किया है, किए हैं, आदि।

इस तरह के रूप ब्रजभाषा से ही प्रचलित दिखाई पड़ते हैं।

हम पढ़े एक साथ हैं = हम एक साथ पढ़े हैं। (सुदामा०)

मुकुट धरे माथ हैं = माथे मुकुट धरे हैं। ,,

जिनको विधि दीन्ही है टूटी सी छानी। ,,

५१. पूर्ण भूत कालः—भूतकालिक कृदन्त के बाद भूतकालिक सहायक क्रिया के तिङन्त-तद्भव रूप को जोड़ने से पूर्ण भूत काल की क्रिया बनती है, जैसे किया था, किये थे आदि। खड़ी बोली के ये रूप ब्रजभाषा काल से ही चले आरहे हैं; जैसे—

आजु गई हुती भोरहिं हौं। (रसखान)

करण के लिए होता है,[1] अपादान कारक की पंचमी विभक्ति का प्रयोग करण कारक के लिए[2] और कर्म कारक की द्वितीया विभक्ति का प्रयोग अधिकरण के लिए होता है।[3] ये नियम हेमचन्द्र ने प्राकृत वाक्य-विन्यास के लिए बताए हैं; अपभ्रंश की चर्चा करते हुए उन्होंने इस विषय में अलग से और कुछ नहीं कहा है; फिर भी उनके दिए हुए अपभ्रंश उदाहरणों में उपर्युक्त विभक्ति-व्यत्यय तथा उसी तरह के कुछ और व्यत्यय पर्याप्त मिलते हैं। अपभ्रंश की इस प्रवृत्ति का विकास क्रमशः हिंदी में किस प्रकार हुआ—यह नीचे के कुछ उदाहरणों से स्पष्ट हो सकता है।

(क) संबंध कारक के विशिष्ट प्रयोग

(१) कर्म कारक के अर्थ में—

तोवि महद्दुम सउणाहं अवराहिउ न करंति। (हेम) = शकुनियों को।
वेस विसिट्ठह वारियइ। (कुमार० प्रतिबोध) = वेष-विशिष्ट लोगों को
तुअ हिययट्ठियह छड्डिवि। (सं० रास०, ७५) = तुम हृदयस्थित को
पिउ आणि मज्झ संतोसिहइ। (सं० रास०, १६७) = मुझको
लोग कहैं पोचु सो न सोचु न सँकोचु मेरे। (कवितावली) = मुझे
शरीर का तपाना व्यर्थ है = शरीर को

(२) करण कारक के अर्थ में—

कंत जु सीहहो उवमियइ (हेम०) = सिंह से
सत्थावत्थहं आलवणु साहुवि लोउ करेइ। (हेम०) = स्वस्थावस्था वालों से।

क्या करना है प्रकाश का हमको (साकेत) = प्रकाश से।
आँख का अंधा, विपत्ति का मारा, दूध का जला।

(३) सम्प्रदान के अर्थ में—

दइवु घडावइ वणि तरुहुं सउणिहं पक्क फलाइं। (हेम०) = शकुनियों के लिए

---

१. द्वितीया-तृतीययोः सप्तमी, २. पञ्चम्यास्तृतीया च ३. सप्तम्या द्वितीया। (हेम० प्राकृत व्याकरण—३।१३५, १३६, १३७)

लिए संबंधवाचक सर्वनाम 'जो' तथा उसके अन्य रूपों से मदद लेने की अपेक्षा 'एनाफोरिक' ढंग से स्वतंत्र वाक्यों में रखने की ओर प्रवृत्ति दिखाई पड़ती है[1]; जैसे—

नव-घण-रेह-विणिग्गय निम्मलकरु सरयरयणि-पच्चक्खु अमियभरु झरंतउ फुरइ तह चंदह जियणत्थु पियह संजणिय-सुहु मुहु विरहग्गिधूमि-कइयलग्गि झंपियउ। (सं० रास०, १२२)

(नवघन-रेखा-विनिर्गत-निर्मल कर : शरद्रजन्यां प्रत्यक्षममृतभरं क्षरन् स्फुरति, तस्य चन्द्रस्य जयनार्थं प्रियस्य संजनितसुखं मुखं विरहाग्निधूमेन के दिनमारम्भ झम्पितम्।)

विद्युल्लता का तरंग, ते पथ-दिश-ज्ञान होइते अछ (वर्ण०, ३१ क) मदें जो उन्मत्त हाथि, तन्हि के जे दाँते आघातल सरल-वृक्ष ता सञो च्युत मेल जे निर्यास, तकर परिमल : से कइसन असलु ? जनि-वन-देवताँ काँ आयतन धूप देल अछ। (वर्ण० ५० क)

पदाति-क घर्म, एन्हि बाट कादव भइ गउ। (वर्ण०, ४६ क)

किसी भाषा की आरम्भिक अवस्था में ऐसी सरल वाक्य-योजना का मिलना स्वाभाविक है ? लेकिन आगे चलकर खड़ी बोली में जब गद्य-साहित्य का काफ़ी विकास हुआ तो अनेक प्रकार के मिश्रित वाक्यों की योजना हुई। अपभ्रंश वाक्य-गठन की उक्त विधि हिंदी की मिश्रित और संयुक्त वाक्य रचना की ओर आरंभिक प्रयत्न है।

---

१. संदेश-रासक : स्टडी § ७६, वर्ण-रत्नाकर : अंग्रेजी भूमिका § ३८

लेकिन बात ऐसी नहीं है। तथाकथित 'दखिनी हिंदी' की रचनाओं के शब्द-समूह का विश्लेषण करने से पता चलता है कि आरंभिक खड़ी बोली में भी तद्भव शब्दों का प्रयोग कम नहीं होता था।

अपछरी, अछरी (अप्सरा), कुजात (विजाति), दुकाल (दुष्काल) धरती (धरित्री), घिउ (घृत), जिउ (जीव), नहँ (नख), पत (इज्जत), पहिराना (परिधान करना), उमस ऊष्मा, उसांस (उच्छ्वास), पायक (दूत, सेवक), पेखना (प्रेक्षण[1], फोकट, बाट (वर्त्मन्), रसरी (रश्मि+डी), राकस (राक्षस), रैन (रजनी), उपासी (उपवासी), संघाती (संगी) आदि[1]।

इससे प्रकट होता है कि आरंभिक हिंदी (चाहे वह अवधी, हो या ब्रज अथवा खड़ी बोली) अपभ्रंश शब्द-समूह पर स्थित होकर नई परिस्थियों से प्रभाव ग्रहण कर रही थी। यही कारण है कि एक ओर कीर्तिलता, वर्ण-रत्नाकर, पद्मावत, रामचरित-मानस आदि में संस्कृत शब्दों के साथ ही अरबी-फारसी शब्दों को भी ग्रहण किया गया, तो 'दखिनी हिदी' में अरबी-फारसी के साथ ही संस्कृत शब्दों को भी सुरक्षित रखा गया। 'दखिनी हिंदी' में—

अंग, अंगन, अखंड, अधर, अचल, अम्बर, अन्तर, अपार, अवतार, आदि, आधार, अनन्त, उपकार, उपचार, अपरूप, उत्तम, काच, काल, कला, कुच, कुन्तल, गगन, गज, गम्भीर, मास, घन, छल, छन्द, तुरंग, दानी, दिक, धरित्री, धनी, धीर, चतुर, दल, देह, नारी, पवन, वर, परमेश, पुरुष, वस्तु, भानु, मान, रोमावलि, वदी, सन्मुख, सूर, सेवक, हस्ति, तेज, दार, दया, दिनाकर, संभोग, स्वाद, सम, संग्राम, सुरंग आदि[2], संस्कृत शब्दों का प्रयोग अक्सर मिलता है। 'दखिनी हिंदी' में इन संस्कृत शब्दों के प्रयोग का महत्त्व इसलिए और बढ़ जाता है कि

---

१. दे० डा० बाबूराम सक्सेना : दखिनी हिंदी, पृ० ७४-७५

२. दे० 'दखिनी हिंदी' पृ० ७३०

कोल्हुओ, २।६५ कोल्हू (इक्षुनिपीनयन्त्रम्)
कोसयं, २।४७ कोसा, कोसी (लघु शराव)
खट्टिको, २।७० खटिक (सौनिक)
खडं, २।६७ खरहू (तृण)
खडक्की, २।७१ खिड़की (लघुद्वारम्, वातायनम्)
खड्डा, २।६६ खड्ड
खणुसा, २।६२ खुनिस (क्रोध), खेलत खुनिस न कबहूँ देखी—
तुलसी, मानस ।
खलइयं, २।७१ खाली, खली (रिक्तम्)
खल्ला, २।६६ खाल (चर्म)
खवश्रो, २।६७ } खवें (कांख)
खवो, २।७७
खाइश्रा, २।७३ खाई (परिखा)
खिखणी, २।७४ खेखर (लोमड़ी)
खुट्टं, २।७४ खुट्टी (त्रुटितम्)
खुंपा, २।७५ खोंपा (केश, तृणादिमयं वृष्टिनिवारणम्)
गग्गरी, २।८९ गगरी (जलपात्रम्)
गड्डुरी, २।८४ गड़रिया (भेड़ रखने वाला), गड्डुलिक
गड्डी, २।८२ गाड़ी
गढो, २।८१ गढ़ (दुर्ग)
गंडीरी, २।८२ गंडेरी (इक्षु-खण्डम्)
गवत्त, २।८२ गव; कंद की गव
गुंजेल्लिश्रं, २।९२ गुंजलक (पिंडीकृतम्)
गुत्ती, २।१०१ गाँती (बन्धनम्)
गुंदा, २।१०१ गुंडा (अधमः)
गुम्मइश्रो, २।१०३ घुमना
गोश्रला, २।९८ ग्वाला, ग्वालिन (दुग्धविक्रियकर्त्री)

| | | |
|---|---|---|
| झडप्पइ | ( महा० ३०।४।९ ) | झपट° |
| झडप्पण | ( महा० २५।४।८ ) | झड़प ( ताड़न ) |
| झंपइ | ( महा० १।११।४, सं० रा० २९ ) | झंप° ( आच्छादयति ) |
| झीण | ( स० रा० १७१ ) | झीना ( क्षीण, सूक्ष्म ) |
| झुल्लइ | ( महा० १४।५।१२) | झूल° ( कम्पते ) |
| झुंपड़ा | ( हेम० प्रा० व्या० ८।४।४१६ ) | झोंपड़ा ( कुटीर ) |
| झुम्बुक | (प० च० ५५।५) | झूमक |
| टक्कर | ( महा० ३१।१६।४ ) | टक्कर |
| टाल | (प० च० १२।२) | टालना |
| टोप्पी | ( जस०, पृ० ६ ) | टोपी |
| डर | ( सं० रा० १९३ ) | डर ( भय ) |
| डंकिय | ( महा० ३०।१२।८ ) | डंक मारना |
| ढड्ढस | (प० च० ४९।१७) | ढाढ़स |
| ढलइ | ( महा० ३१।१९।१२ ) | ढल° ( च्यवति ) |
| ढलिय | ( महा० ८।९।१२ ) | ढीला ( स्रस्त ) |
| ढंकइ | ( महा० १।१३।१० ) | ढँक° ( अच्छादयति ) |
| ढुक्कय | ( सं० रा० १८६ ) | ढुक° ( छिपना ) |
| ढोय | (प० च० २।१६) | ढोना |
| ढोर | (प० च० २।७) | पशु |
| णत्थ | (प० च० ४७।१) | नथ |
| ताँति | ( कण्ह० चर्या० १० ) | ताँत |
| तिम्मण | ( प० च० ५०।११ ) | तीवन ( भोजन विशेष ) |
| तिया | ( महा० १।१५।४ ) | तिया ( स्त्री ) |
| तुरन्त | (प० च० ४।३) | |
| तोंद | ( महा० २०।२३।३) | तोंद |
| थट्ट | (प० च० २०।३) | समूह |
| थरहरिय | ( सं० रा० ६६ ) | थरहरी ( कम्प ) |

| | | |
|---|---|---|
| थाती | ( भूसुक० चर्या० २१ ) | थाती ( धरोहर ) |
| थाह | (प० च० २०।४) | |
| दाव | (प० च० ५३।१०) | खेल का दाव |
| धंधा | ( सरह० दोहा० १६ ) | धधा |
| धूहया | ( सं० रा० १६३ ) | धूनी |
| पडिवा | (प० च० २६।१) | परिवा |
| पइसार | (प० च० ७।४) | प्रवेश |
| पणाल | (प० च० १६।१०) | पनाला |
| पप्पड | ( प० च० ५०।११ ) | पापड़ |
| पायाल | (प० च० १२।८) | पायल |
| पागल | (शबर० चर्या० २८) | |
| पुट्ठि | (प० च० ५।१६) | पुट्ठा |
| पु छिय | (सं० रा० १८) | पोंछना |
| पेल्लिय | (महा० ११२।५) | पेल० (प्रेरित) |
| पोट्टल | (महा० २०।१०।१२) | पोटली |
| फिर | (सं० रा० १६८) | फिरना (वापस आना) |
| फुग | (स० रा० १२२) | फुर (सत्य) |
| फुल्ल० | (सं० रा० १६३) | फूल, फूलना |
| बहुड़ि | (योग० ६०) | बहुरना (लौटना, लौटाना) |
| बापुड़ी | (कण्ह० चर्या० १०) | बापुरी (बेचारी) |
| बुड्डइ | (महा० ३३।११।११) | बूडइ, डूब० |
| बोहित्थ | (महा० १७।८।४) | बोहित (नौः) |
| भीड | (सं० रा० ६२) | भीड़ (समर्द) |
| भेट्ट | (प० च० ४३।४) | भेंट |
| भुक्कइ | (महा० १८।७) | भूँकना (बुक्कइ) |
| भोल | (महा० २।२०।७) | भोला, भोली |
| मच्छर | (सं० रा० १४६) | मच्छर (मशक) |

| | | |
|---|---|---|
| मनाय | (स० रा० ७१) | मना० (मनाना) |
| मेलव | (महा० ३३।३।८) | मेला |
| मेहली | (प० च० ७८।७) | मेहरी (पक्षी) |
| मोड | (स० रा० २५) | मोड़ना |
| रसोइ | (प० च० १७।१३) | रसोई |
| रडी | (महा० १७।६।१०, सरह० दोहा ५) रडी (वेश्या) | |
| रगड्ड | (महा० ४।१।११) | रेंगइ (जानुभ्या चलति) |
| रिल्ल | (स० रा० १६२) | रेला (जलप्रवाह) |
| रेल्ल | (महा० १४।१०।१) | रेला |
| रोक | (प० च० १७।६) | रोक |
| रोग्ग | (प० च० २८।६) | रोग |
| लक्क | (स० रा० २४) | लक (कटि) |
| लड्डु | (प० च० ५०।११) | लड्डू |
| लुक्क | (महा० ६।१४।१२, हेम० ८।४।४०१) लुकना (छिपना) | |
| विसूरइ | (महा० १४।५।१०, हेम० प्रा० ८।४।१३२) विसूरना (खेद करना) | |
| वारिय | (प० च० ३८।१८) | वारी, क्रम |
| साडी | (महा० १२।५।३) | साड़ी (स्त्री-वस्त्र) |
| सालण | (प० च० ५०।११) | सालन (पक्व मांस) |
| सासु नणद | (कण्ह चर्या० ११) | |
| साहार | (प० च० ६।११) | सहारा |
| साहुकार | (प० च० ५।१७) | साहुकार |
| सिप्पि | (महा० ४६।११) | सीपी, सीप (शुक्ति) |
| सुहाली | (नेमि० चौपई २४) | सोहारी (पूड़ी) |
| सुज्झ | (प० च० ८।२) | सूझ |
| सोहल | (प० च० ३३।१) | सोहर (उत्सव) |

| | | |
|---|---|---|
| ११७ | श्रावकाचार | देवसेन |
| ११८ | श्रीपाल चरित्र | नरसेन |
| ११९ | श्रीपाल चरित्र | रइधू |
| १२० | षट्कर्मोपदेश | अमरकीर्ति (१२७४ वि०) |
| *१२१ | संयममंजरी | महेश्वर सूरि |
| १२२ | संघपति समारा रास | अंबदेव सूरि |
| १२३ | संभवनाथ चरित | तेजपाल |
| १२४ | संवगमातृका | |
| *१२५ | संदेश रासक | अब्दुल रहमान |
| १२६ | सन्मति जिन चरित | रइधू |
| १२७ | सकुमाल स्वामि चरित | पुष्पभद्र (पूर्णभद्र) |
| १२८ | सुकुमाल चरित | श्रीधर |
| १२९ | सुगंध दशमी कथा | |
| १३० | सुदर्शन चरित्र | नयनन्दिन (११०० वि०) |
| १३१ | सुभद्रा चरित्र | अभयगणि (सं० ११६१ वि०) |
| १३२ | सुभाषित कुलक | जिनभद्र |
| १३३ | स्थूलिभद्र फाग | जिनपद्म सूरि (१२५७ वि०) |
| १३४ | हरिवंश पुराण | स्वयंभु और त्रिभुवन। |
| १३५ | हरिवंश पुराण | रइधू |
| १३६ | हरिवंश पुराण | श्रुतकीर्ति |
| *१३७ | सिद्धहेम शब्दानुशासन | (सकलित अपभ्रंश छंद)—हेमचन्द्र |
| १३८ | ज्ञान प्रकाश कुलक | जिनप्रभ सूरि।[1] |

यद्यपि उपर्युक्त ग्रंथ सूची पूर्ण नहीं है, फिर भी उससे अपभ्रंश-

१ यह सूची मुख्यतः प्रो० हरि दामोदर वेलणकर द्वारा संपादित जिन रत्न कोश (खंड १) १९४४ ई० से तैयार की गई है। विशेष विवरण के लिए उक्त कोश देखना उचित होगा। कुछ पुस्तकों के नाम अनेकान्त से भी जोड़े गए हैं। तारकांकित पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है।

तिहुअणे अयस-पडहु वज्जंतउ
अंगु समोडेवि धिद्धिक्कारहो
वयणु णिएंति केम भत्तारहो।''

कहाँ तो सागर का प्रथमा की चन्द्रलेखा की ओर निहारना—कान्ता की कान्ति को देखना और कहाँ उनका वह विहँसना! और फिर विहँसकर धिक्कार-भरी ये बातें कहना! 'महिलाएँ अशुद्ध होती हैं, निर्लज्ज होती हैं, मलिनमति होती हैं! बहिर्दृष्टा होने पर टुकड़े टुकड़े हो जाती हैं और इस तरह हीन हो जाती हैं। त्रिभुवन में अपने कुल को मलिन करके अयश फैलाती हैं···भला ऐसी नारी का मुख उसका भतार कैसे देखे!'

पता नहीं इतना कहने से पहले राम ने सीता का वह मुख कैसे देखा था!

अब राम के इस श्याम चरित्र की पृष्ठभूमि में स्वयंभू की सीता का सित चित्र देखिए—

सीय ण भीय सइत्तण-गव्वे
वलेवि पवोल्लिय मच्छर सव्वें
''पुरिस णिहीण होंति गुणवंत वि
तियहे ण पत्तिज्जंति मरंत वि
खडु लक्कडु सलिल वहंतिहे पउराणियहे कुलग्गयहे।
रयणायरु खार इ देंतउ तो वि ण थक्कइ णं णइहे॥
साणु ण केण वि अणेण गणिज्जइ
गंगा-णइहे तं जि ण्हाइज्जइ
ससि स-कलंकु तहि जि पह णिम्मल
कालउ मेहु तहि जि तडि उज्जल
उवलु अ-पुज्जु ण केण वि छिप्पइ
तहि पडिम चंदणेण वि लिप्पइ
धुज्जइ पाउ पंकु जइ लग्गइ
कमल माल पुणु जिणहो वलग्गइ

सुमित्रा के नहीं बल्कि कैकेयी के पुत्र थे; इससे राम-वन-गमन का प्रसंग ही बदल गया।

३. राम-लक्ष्मण का जन्म अयोध्या में नहीं, काशी में हुआ था क्योंकि दशरथ पहले काशी के ही राजा था, अयोध्या तो वे पीछे गए।

४. राम-लक्ष्मण विश्वामित्र के साथ जनक का यज्ञ देखने स्वयं नहीं गए बल्कि अपने यज्ञ की रक्षा के लिए जनक ने ही उन्हें बुलवाया था।

५. सीता के अतिरिक्त राम के सात पत्नियाँ और थीं।

६. सीता जनक-तनया नहीं, बल्कि मदोदरी के गर्भ से उत्पन्न रावण की पुत्री थीं और उन्हें अनिष्टकर समझ कर रावण ने मंजूषा में रखकर मिथिला में फेंक दिया था, जहाँ एक किसान को वे मिलीं और किसान ने उन्हें जनक को भेंट किया।

७. सीता का अपहरण रावण ने नारद के उत्तेजित करने पर किया, न कि किसी पूर्व वैर-वश अथवा शूर्पणखा के अपमान का बदला लेने के लिए।

८. सीता-हरण पंचवटी में नहीं, वाराणसी के समीपवर्त्ती किसी वन में हुआ।

९. वानर आदि वस्तुतः विद्याधर थे और राम की सहायता के लिए उन्होंने यह रूप धारण किया था।

१०. हनुमान रुद्र के नहीं, बल्कि कामदेव के अवतार थे और लंका में वे मशक-रूप धारण करके नहीं गए थे, भ्रमर रूप धारण करके गए थे।

११. हनुमान सीता का पता नहीं लगा सके।

१२. बालि को राम ने नहीं, लक्ष्मण ने मारा और इसी तरह रावण को भी उन्होंने ही मारा।

१३. दशरथ की मृत्यु राम के लंका से लौटने के बाद होती है।

१४. लक्ष्मण की मृत्यु रोग से होती है और उनके मरने पर राम लक्ष्मण के पुत्र पृथ्वीचन्द्र को राज्य देकर स्वयं वैराग्य ले लेते हैं।

१५. भरत और शत्रुघ्न की कथा प्रायः उपेक्षित रह गई है।
१६. राम श्याम-वर्ण के नहीं, बल्कि पद्म-वर्ण हैं, श्यामवर्ण तो लक्ष्मण हैं।

ब्राह्मण परम्परा की राम कथा से जैन राम-कथा की इस विभिन्नता का कारण कुछ तो सोद्देश्य है लेकिन कुछ ऐसी बातें हैं जिनसे रामकथा की एक दूसरी परम्परा का आभास मिलता है, उनके पीछे जानबूझ कर विकृति लाने का कोई उद्देश्य नहीं प्रतीत होता।

कथा-प्रवाह में आनेवाले मार्मिक प्रसगों पर थोड़ी देर के लिए रुक कर पुष्पदंत ने वर्णन को विस्तार दे दिया है; फिर भी ग्यारह संधियों में इस तरह के वर्णन-विस्तार की गुंजाइश हो कहाँ है! फलतः पुष्पदंत तेजी के साथ कथा प्रवाह के पीछे भागते चलते हैं। वैसे तो सफल कवि जहाँ भी हाथ लगाएगा, कुछ न कुछ कर ही दिखाएगा, लेकिन सचाई यह है कि पुष्पदत का मन रामकथा में उतना नहीं रमा है, उनकी काव्य-प्रतिभा का जौहर अन्यत्र दिखाई पड़ता है।

स्वयंभू और पुष्पदंत द्वारा वर्णित राम-कथाओं का विश्लेषण करने से पता चलता है कि दोनों में कुछ अतर है। पुष्पदंत में ब्राह्मणत्व-विरोधी तत्व जितने अधिक हैं, स्वयभू में उतने नहीं हैं। स्वयंभू से पहले राम-कथा को काव्य का रूप देने वाले दो जैन कवि हो चुके थे। एक थे विमल सूरि जिन्होंने पहली शताब्दी के आसपास प्राकृत में 'पउम चरिउ' की रचना की, दूसरे रविदेण थे जिन्होंने सातवीं शताब्दी में संस्कृत 'पद्म चरित' लिखा। स्वयंभू ने राम-कथा के विषय में विमल सूरि और रविषेण का पूरा अनुसरण करते हुए भी कई स्थलों पर ब्राह्मणत्व-विरोधी बातों को या तो एकदम छोड़ दिया है या दो चार पंक्तियों में चलता किया है अथवा उनका वर्णन अन्यमनस्क भाव से किया है। जैसे; ब्राह्मण जाति की उत्पत्ति का प्रसंग स्वयंभू ने एकदम छोड़ दिया है; हरिषेण-उपाख्यान में जहाँ ब्रह्मरथ और जिन-रथ सम्बन्धी विवाद है और उसमें जैनधर्म को ब्राह्मण धर्म से श्रेष्ठ कहा गया है, स्वयंभू ने संकेत भर करके रहने दिया है;

यहाँ भी स्वयंभू द्वारा रचित प्रसग में जो कथा-रस और सहज भावोद्गार है, वह त्रिभुवन के तत्वचिंतन में नहीं है। मत्स्यराज का साला कीचक जिस समय सबके सामने सैरन्ध्री बनी हुई द्रौपदी का अपमान करता है, स्वयंभू उस प्रसग को मूर्त कर देते हैं—

तो तेण विलक्खी हूवएण
अणुलग्गें जिहं जमदूयएण
चिहुरेहिं धरेवि चलरोहि हय
पेक्खतहं रायहं मुच्छ गय
मणि रोसु पवड्डिय बल्लवहो
फिर देइ दिट्ठि तरु-पल्लवहो
"मरु मारमि, मच्छु स-मेहुणउं
पट्ठवमि कयंतहो पाहुणउ"
तो तव-सुएण आयड्ढएण
विणिवारिउ चलण गुट्ठएण
ओमरिउ विओयरु सणियउ
पुर-वर-णरिउ आदण्णियउ
"धि धि दड्ढ-सरीरें काइ किउं
कुल-जायहं जायहं मरणु थिउ
जहिं पहु दुच्चरिउ समायरइ
तहिं जणु सामण्णु काइं करइ।"

यमदूत की तरह कीचक ने द्रौपदी का केशपाश पकड़कर खींचा और उसे लात मारी। यह देखकर राजा युधिष्ठिर मूर्छित हो गए और भीम रोष के मारे तरु की ओर देखने लगे कि इसे किस तरह मारें। लेकिन युधिष्ठिर ने पैर के अगूठे से उन्हें दबाकर मना किया। उधर पुर की नारियाँ व्याकुल होकर बोल उठीं कि "इस दग्ध-शरीर को धिक्कार है! इसने यह क्या किया! कुलीन नारियों का तो मरण हो गया। जहाँ राजा ही इतना दुराचार करता हो, वहाँ भला सामान्य जन क्या करेंगे?"

मासा' सावन से शुरू होकर असाढ़ में समाप्त होता है। इसके कुछ महीनों के वर्णन की बानगी देखिए—

श्रावणि सरवणि कंडुय मेहु
गज्जइ, विरहिनि झिज्जइ देहु।
विज्जु झ झक्कइ रक्खसि जेवँ
नेमिहि विणु सहि सहियइ केवँ।

भाद्रवि भरिया सर पिक्खेवि
सकरुण रोअइ राजल देवि।
हा एकलडी मइ निरधार
किम ऊवेषिसि करुणासार।
भणइ सखी राजल मन रोइ
नीठुरु नेमि न अप्पणु होइ।
सिचिय तरुवर पारि पलवंति
गिरिवर पुणि कड-डेरा हुंति।
साँचउ सखि वरि गिरि भिज्जंति
किमइ न भिज्जइ सामलकंति।
घण वरिसंतइ सर फुट्टन्ति
सायरु पुण घण ओह डुलिति।

कत्तिग खित्तिग उग्गइ संभ
रजमति भिज्झिउ हुइ अति भंझ।

फागुण वागुणि पन्न पडंति
राजल दुक्खि कि तरु रोयंति।

चैत्र मासि वणसइ पंगुरइ
वणि वणि कोयल टहका करइ।

सावन में बिजली का झबक्कना, भादों में आँखों के सामने भरे ताल का लहराना, कार्तिक में क्षितिज पर उगती हुई साँझ, फागुन में पेड़ों से पत्तों

है। आरंभ में उन्होंने भैरवानन्द कपालिक का बड़ा ही सटीक चित्रण किया है।

> रहु लिक्खहिं सहियउ डंभधारि
> घर घरि हिंडइ हुंकार कारि
> सिर टोप्पी दिएण रवएण-वएण
> सा झंपवि संठिय दोण्णि कएण
> अंगुल दु-तीस परिमाणु दंडु
> हत्थे उप्फालिवि गहइ चंडु
> गलि जोगवट्टु सज्जिउ विचित्तु
> पाउडिय जम्मु पइदिएणु दत्तु
> तड तड तड तड तड तडिय सिंगु
> सिगरणु छेत्रि किउतेण चंगु।

भैरवानन्द का क्या ही सुदर वेश है! दोनों कानों को ढँके हुए अनेक रङ्गों वाली टोपी, हाथों में उछलता हुआ बत्तीस अंगुल लंबा डंडा, गले में विचित्र योगपट्ट! गली गली चंग खड़काते और सिंगा बजाते हुए दंभ-पूर्ण ढङ्ग से घूमना।

इसी तरह 'राज प्रांगण' का भी एक जगह यथार्थ चित्र उपस्थित किया गया है। कवि वहाँ के आडंबरपूर्ण निर्जीव और नीरस वातावरण को देखकर विषण्ण हो उठता है और अपने इस भाव को खुलकर प्रकट कर देता है।

> अत्थाण-भूमि गउ मणि विसएणु।
> कणय-मय-रयण-विहुरि खिसएणु।
> दो वासइँ चमरइँ महु पडंति
> बहु-दुक्ख-सहासइँ णं घटंति।
> सहमंडवि खुज्जय-वावणाइ
> णच्चंतइ णिरु कोड्डावणाइँ।
> एयाइँ जइवि णिरु सुहयराइँ

से पेड़ स्वयं ही झुक आए हैं, लेकिन आश्चर्य है कि उन्हें चखने वाला कोई नहीं है !

और उपवन से आगे चलकर वह राजभवन के पास पहुँचता है तो उसका हृदय ( मुँह नहीं ) एक एक चीज को देखकर भर आता है। गवाक्षों को आधा खुला छोड़कर कोई चला गया है; जैसे वे किसी नव वधू की अधखुली आँखें हों। फलक पर गुह्य अन्तर्देश हैं, लगता है जैसे वे वनिताओं के अधखुले ऊरु-प्रदेश हों। भरे पूरे समृद्ध भाण्ड स्वयं अपना अन्तर्भाग दिखला रहे हैं जैसे नागिनी के मुकुट के चिन्ह हों। रंध्रों में एकधनाभिलाषी पुरुषों की तरह दीपक जल रहे हैं। योगियों की तरह अविचलित खम्भे खड़े हैं, जैसे सुरतारम्भ के समय मिथुन निवसन हो गये हों। गोपदों से परिवर्जित मार्गों वाले गोपुर दिखाई पड़ रहे हैं। जो महत्तर भवन बहुत दिनों तक जनाकुल थे, वे भी अब सुरत समाप्ति के मिथुनो की तरह निर्ध्वनि हो गए हैं। जो घाट पनिहारनियों के निरन्तर आने-जाने से नूपुरों की झनकार से गॅंजित रहते थे, वे अब विधिवश निःशब्द हो गए हैं। यह सब देखते देखते भविष्यदत्त के अंग उन्मथित हो उठे और वह अपने शरीर के प्रतिबिंब को देखता हुआ धीरे धीरे संचरण करने लगा।

> पिक्खइ मंदिराइं फल-अद्धुग्घाडिय-जाल-गवक्खइं
> अद्ध-पलोइराइ एं णव-वहु-णयण-कडक्खइँ।
> अह फलहंतरेण द-रसिय-गुज्झंतर-देसइं
> अद्ध-पयंघियाइं विलयाण व ऊरु-पएसइँ।
> पिक्खइ आवणाइं भरियंतर-भंड-समिद्धइं
> पयडिय-पएणयाइं एं णाइणि-मउडइं चिंघइं।
> एक्क घणाहिलासि-पुरिसाइ व रंधि पलित्तइं
> वरइत्त-जुवाणाइं ण वड्ड-कुमारिहु चित्तइं।
> जोएसर-विवाय-करणाइं व बोइय थंभइं
> विहडिय-पोसणाइं मिहुणाण व सुरयारंभइं।

सिरि जरि-खंडी लोअडी, गलि मणियडा न बीस !

फिर भी उसके रूप-गुन का जादू तो देखिए कि—

तो वि गोट्ठडा कराविआ मुद्धहे उट्ठ बईस।

इस सीधे सादे निर्धन लोक-जीवन का सौन्दर्य ही ऐसा है कि इसके गोठ में अपने को बहुत लगाने वाले जवान रसिकों को भी उठक-बैठक करनी पड़ती है। कौन कहे, कि यह कविता भी ऐसी ही है, जिसमें न झीना आवरण है न अलंकृत आभरण, फिर भी इसने बड़े-बड़े अलंकार-वादी पण्डितों को अपने जादू से उट्ठ-बईस करा दिया।

नायिका अभी अच्छी तरह वयस्क नहीं हुई है। शरीर पर जो कुछ है, सब तुच्छ ही है। मध्य भाग तुच्छ है और रोमावली तुच्छ है इस पर से तुच्छ हास और तुच्छ जल्पना! लेकिन इसके बाद जो सबसे तुच्छ वस्तु है वह तो कहने में भी नहीं आ सकती!

कटरि थणंतरु मुद्धडहे जे मणु विच्चि न माइ

स्तनों के बीच की दूरी की कमी तो बहुत जगह देखी गई लेकिन यह जगह इतनी कम होगी कि उसमें नायक का मन भी न अमाएगा—यह तो यहीं सुना और इसी मुग्धा के यहाँ देखा।

धीरे-धीरे यह स्तन इतने उत्तुंग हो जाते हैं कि नायिका उनसे परेशान हो उठती है क्योंकि अब उनसे लाभ की जगह हानि होने लगी है—उनके कारण प्रिय उसके अधरों तक पहुँच ही नहीं पाता! बेचारी इतनी भोली है कि प्रिय के अधरों को तो दोष दे नहीं सकती है कि वे गन्तव्य तक पहुँचने से पहले ही क्यों विरम जाते हैं, इसलिये वह अपने ही अंगों पर खीझ प्रकट करती है —

अइ तुंगत्तणु जं थणहं, सो छेयउ, न हु लाहु।

सहि, जइ केम्वइ तुडि-वसेण अहरि पहुच्चइ नाहु॥

ऐसी ही नायिका विष की गाँठ होती है, लेकिन मामूली विष की गाँठ नहीं, 'नवखी कवि विस-गंठि'। इसका नोखापन यह है कि

भड्डु पच्चलिओ सो मरइ, जासु न लग्गइ कंठि।

नायिका के रुदन पर रुक जाता है और कुछ बातें और सुन लेता है। अंत में वह पूछता है कि तुम्हारा पति किस ऋतु में तुमसे अलग हुआ? यह प्रश्न नायिका के मर्म को छू लेता है; उसे याद आता है कि वह ग्रीष्म ऋतु थी जब उसका प्रिय उसे छोड़कर परदेश गया। तब से पूरे साल भर हो गए। यह सब स्मरण आते ही वह क्रमशः छहो ऋतुओं में अपनी दशा का वर्णन कर जाती है। काव्य का तीसरा प्रक्रम इसी षडऋतु-वर्णन के लिए रचा गया प्रतीत होता है।

पथिक को सन्देश देकर नायिका ज्यों ही विदा करती है कि दक्षिण दिशा में उसका प्रिय आता हुआ दिखाई पड़ जाता है। ग्रंथ का अंत करते हुए कवि कहता है कि जिस प्रकार उसका कार्य अचानक सिद्ध हो गया, उसी प्रकार इस काव्य को पढ़ने सुनने वालों का भी सिद्ध हो। जो अनादि और अनत है, उसकी जय हो।

'संदेश रासक' के कथा-सूत्र से स्पष्ट है कि कवि को कथा से कोई विशेष मतलब नहीं है; उसे सामोर नगर के जीवन, पेड़-पौधों तथा षड्-ऋतु वर्णन के साथ मुख्यतः एक प्रोषित-पतिका नायिका की विरह-वेदना का वर्णन करना है; इन सभी वर्णनों को एक सूत्र में बाँधने के लिए ही उसने पथिक की अवतारणा की है अन्यथा सभी छंद अपने आप में स्वतंत्र हैं और मुक्तक का सा रस उत्पन्न करते हैं। कालिदास के 'मेघदूत' की भाँति 'संदेश रासक' भी विभिन्न मुक्तकों की एक मणिमाला है।

'रासक' अथवा 'रास' नाम से लिखे हुए काव्य-ग्रंथ अपभ्रंश में तथा उसके बाद पुरानी राजस्थानी और हिंदी में भी मिलते हैं लेकिन विषय को देखते 'संदेश रास' उन सबसे भिन्न है। इससे मिलता-जुलता केवल एक 'रास-काव्य' राजस्थानी में है—'वीसल देव रास'। अन्यथा अन्य रास काव्य एक तरह से 'चरित काव्य' हैं जिनमें किसी राजा के युद्ध और विवाह की कहानी वर्णित दिखाई पड़ती है।

अपभ्रंश में 'संदेश रास' अपने ढंग का अकेला काव्य भले हो, परंतु इसके पीछे इस तरह के काव्यों की परंपरा का आभास मिलता है

इन सबसे यही प्रमाणित होता है कि अब्दुल रहमान को संस्कृत प्राकृत और अपभ्रंश साहित्य की परंपरा का बहुत अच्छा ज्ञान था और उन्होंने इस काव्य में अपने अध्ययन अनुभव का सारा निचोड़ रख देने की चेष्टा की। यह समझना भ्रान्ति है कि यह ग्राम्य अपभ्रंश में लिखा हुआ काव्य है। वस्तुतः इसके भाव और भाषा दोनों पर नागरता की छाप है। छंद-विविधता और अलंकार-सज्जा दोनों ही दृष्टियों से 'संदेश रासक' अत्यंत परिमार्जित रचना है।

अपभ्रंश साहित्य का एक बहुत बड़ा भाग नीति, सूक्ति, अन्योक्ति, स्तुति आदि ढंग के काव्यों से भरा हुआ है। हैम-व्याकरण, देवसेन (११ वीं सदी) का 'सावयधम्म दोहा' सोमप्रभ (१२ वीं सदी ईस्वी) रचित कुमारपाल प्रतिबोध आदि में अनेक मार्मिक सूक्तियाँ, अनुभव-पूर्ण नीति के दोहे तथा संकेत पूर्ण अन्योक्तियाँ मिलती हैं। इनके अतिरिक्त अन्य ग्रंथों से भी सूक्तियों का चयन किया जा सकता है। 'हैम व्याकरण' में भ्रमर, कुंजर, पपीहा, केहरि, धवल, महाद्रुम आदि को लेकर बड़ी ही हृदयहारी अन्योक्तियाँ कही गई हैं। जैसे 'धवल' बैल संबंधी अन्योक्ति—

**नीति, सूक्ति, अन्योक्ति आदि**

धवल विसूरइ सामिअहो, गरुआ भर पिक्खेवि।
हउं कि न जुत्तउं दुहुं दिसहिं, खण्डइं दोण्णि करेवि॥

उसी तरह वहीं से यह-सूक्ति उद्धृत की जा सकती है—

सरिहिं न सरेहिं न सरवरेहिं, न वि उज्जाण वणेहिं।
देस रवण्णा होंति बढ, निवसंतेहिं सुअणेहि॥

यद्यपि अपभ्रंश साहित्य का अधिकांश छन्दोबद्ध काव्य है, फिर भी खोज करने से कुछ गद्य की भी रचनाएँ मिली हैं तथा क्रमशः मिलती जा रही हैं। उद्योतन सूरि की कुवलयमाला कहा के अपभ्रंश गद्य की चर्चा तो बहुत दिनों से होती आ रही है; श्री अगरचन्द नाहटा ने इधर परवर्ती अपभ्रंश

**गद्य साहित्य**

काव्य के लिये प्रधानतः अपभ्रंश में पद्धड़िया या पद्धरी छंद को ही अपनाया गया; एकरसता दूर करने के लिये बीच-बीच में दूसरे छंदों का भी प्रयोग किया गया, लेकिन कहानी कहने के लिये मुख्य छंद वही अथवा वैसा ही कोई छोटा छंद हुआ करता था। दोहा अपभ्रंश का छोटा ही छंद कहा जायगा लेकिन उसमें इतनी स्वरगत भङ्गिमाएँ हैं कि उससे कथा प्रवाह में रुकावट आती है। एक तो उसमें चार यतियाँ होती हैं, दूसरे उसकी प्रत्येक यति का चरण विषम होता है। इस प्रकार अपभ्रंश का दोहा प्राकृत की गाथा की भाँति मुक्तक काव्य के ही काम का है। आगे चलकर जब अपभ्रंश में रासा, कव्व, दुवई जैसे बड़े बड़े छंद आये तो उनके साथ ही विशेष प्रकार के गेय और मुक्तक काव्यों की भी सृष्टि हुई।

यही क्रम हिंदी में भी दिखाई पड़ता है। चौपाई प्रबन्ध-काव्य के लिये और सवैया घनाक्षरी छप्पय, कुण्डलिया आदि मुक्तक के लिये निश्चित कर लिए गये। रहा दोहा, सो यह अपभ्रंश-काल से ही प्रबन्ध और मुक्तक दोनों घरों में सम्मान पाता रहा है। आधुनिक हिंदी में नए ढङ्ग के तुकान्त मात्रिक छंदों ने प्रगीत-मुक्तक (लीरिक) जैसे नये काव्य-रूप को जन्म दिया और मुक्त-छंदों ने प्रगीत-मुक्तकों से भिन्न विशेष प्रकार की लम्बी कविताओं को सामने रखा जैसे निराला की 'सन्ध्या सुन्दरी' अथवा प्रसाद की 'प्रलय की छाया।'

इस प्रकार छन्द-परिवर्तन के साथ काव्य-रूप में परिवर्तन अनिवार्य है, इसी बात को कहना चाहें तो इस प्रकार भी कह सकते हैं कि जब काव्य-रूप में परिवर्तन करने की आवश्यकता समझी जाती है तो छन्दों में भी परिवर्तन कर लिया जाता है। जो हो, इन सबके मूल में भावोद्गार-जनित आवश्यकता ही है। भावोद्गार के अनुसार ही छन्द और काव्य-रूप बदलते हैं;—इन दोनों का संबन्ध इतना अन्योन्याश्रित है कि इनमें से कौन पहले बदलता है यह कहना कठिन है। फिर भी दूर तक विश्लेषण करने पर ऐसा ही प्रतीत होता है कि छंद में परिवर्तन काव्य-रूप से पहले

जिम जिम जलधर भरिय मेह गयणंगणि मलिया।
तिम तिम कामीतणा नयण नीरहि झलहलिया॥
मेहारव भर रूलटिय, जिमि जिमि नाचइ मोर।
तिम तिम माणिणि खलभलइ, साहीता जिमि चोर॥

हिंदी में कबीरदास के नाम से इसी तरह के कुछ 'वसंत' मिलते हैं। कोई आवश्यक नहीं है कि अपभ्रंश के जैन कवियों ने जिन जिन लोक-गीतों को साहित्यिक रूप दिया था, उन्हीं उन्हीं लोक गीतों को हिंदी कवि भी अपनाएँ। हिंदी काव्य-रूपों पर अपभ्रंश काव्य-रूपों के प्रभाव का निर्णय इतने स्थूल ढंग से नहीं होना चाहिए। मुख्य प्रश्न है, उन काव्य-रूपों को अपनाने के पीछे काम करने वाली मनोवृत्ति का और यह यह मनोवृत्ति है लोक प्रचलित गीतों को सामान्य रूप से साहित्यिक बनाने की, अपने आदर्शों के प्रचार के लिए अपनाने की। अपभ्रंश के कवि इस दिशा में हिंदी कवियों के पथ-प्रदर्शक हैं। इसी मनोवृत्ति के फल-स्वरूप आगे चलकर तुलसीदास ने 'राम लला नहछू' आदि की रचना की।

हिंदी में 'पद' नाम से कुछ ऐसे गीत मिलते हैं जिन्हें संतों और भक्तों ने गाने के लिए लिखे थे। सूरदास का संपूर्ण 'सूर सागर' पदों में ही है, मीरा ने केवल 'पद' ही गाए। 'पद' कबीर ने भी कहे और तुलसी की 'गीतावली' तथा 'विनय-पत्रिका' पदों में ही है। पदों की परंपरा अपभ्रंश में सिद्धों के यहाँ ही मिलती है। सिद्धों के 'चर्यापद' गेय पद हैं।

इस तरह अपभ्रंश और हिंदी के कुछ काव्य-रूपों के तुलनात्मक अध्ययन से हम इस निर्णय पर पहुँचते हैं कि इस क्षेत्र में अपभ्रंश की देन हिंदी को सबसे अधिक है।[1]

जिस प्रकार एक साहित्य की भाव और विचार-संबन्धी रूढ़ियाँ दूसरे

---

१. काव्य-रूपों के विशेष अध्ययन के लिए देखिए डा० द्विवेदी का 'हिंदी साहित्य का आदिकाल', पंचम व्याख्यान।

साहित्य में प्रवेश कर जाती हैं, उसी तरह काव्य के रूप-विधान संबन्धी कुछ रूढ़ियाँ भी अवशिष्ट रह जाती हैं। ऐसी काव्य- रूढ़ियाँ शताब्दियों तक चलती रहती हैं। जैसे प्रबन्ध काव्य के आरंभ में मंगला चरण, आत्म-निवेदन, दुर्जन-निन्दा, सज्जन-प्रशंसा आदि और मुक्तक काव्य में कवि का नाम रखने की प्रथा। इस तरह की रूढ़ियाँ उसी समय रूढ़ि का रूप धारण करती हैं, जब किसी समाज की चिन्ताधारा गतिरुद्ध हो जाती है। उपर्युक्त काव्य-रूढ़ियाँ वाल्मीकि और कालिदास में नहीं मिलतीं, लेकिन इन महाकवियों के बाद बाणभट्ट, माघ, श्रीहर्ष आदि में इनमें से किसी में कुछ का तथा किसी में सबका पालन किया गया है। अपभ्रंश काल में यह रूढ़ियाँ और ज़ोर पकड़ गईं और हिंदी तक पहुँचने-पहुँचते यह स्थिति हो गई कि तुलसीदास जैसे महाकवि ने इनका पालन करने में सबसे अधिक तत्परता दिखाई। रामचरित मानस में मंगलाचरण, आत्मनिवेदन, दुर्जन-निन्दा और सज्जन-प्रशंसा सभी पूर्ववर्ती कवियों से अधिक है।

**काव्य-रूढ़ियाँ**

यही बात मुक्तकों में कवि द्वारा अपना नाम रखने की मनोवृत्ति में दिखाई पड़ती है। संस्कृत में ऐसा किसी कवि ने नहीं किया। अपभ्रंश में भी केवल सरह के दोहों में यह प्रवृत्ति दिखाई पड़ती है। पीछे कबीर, सूर तुलसी मीरा जैसे भक्तों तथा केशव, देव, मतिराम, भूषण, पद्माकर आदि रीति-कवियों ने भी इसका पालन किया। यहाँ एक उल्लेखनीय बात है कि बिहारी जैसे रूढ़ि-सिद्ध कवि में यह प्रवृत्ति नहीं है।

'यहि बानक मो मन बसौ सदा बिहारी लाल'

जैसे दोहे अपवाद हैं और यहाँ भी 'बिहारी लाल' वृन्दावन बिहारी हैं।

इन तमाम रूढ़ियों का अंत आधुनिक युग में ही संभव हो सका जब राष्ट्रीय जागरण ने बहुत व्यापक रूप से प्राचीन रूढ़ियों के विरुद्ध विद्रोह किया। फिर भी उन रूढ़ियों को ढोने वाले अतीत के मनः प्रवासी कवि आज भी मिल ही जाते हैं।

सत्तु वि महुरइँ उवसमइ, सयल वि जिय वसि हुंति ।
चाइ कवित्तें पोरिसइँ, पुरिसहु होइ ण कित्ति ॥२१॥

जोइन्दु ( *परमात्मप्रकाश-योगसार* )

जो जाया झाणग्गियए, कम्म-कलंक डहेवि ।
णिच्च-णिरंजण-णाणमय, ते परमप्प णवेवि ॥२२॥
रूवि पयंगा सद्दि मय, गय फासहि णासंति ।
अलि-उल गंधहिँ मच्छ रसि, किमि अणुराउ करंति ॥२३॥
देउल देउ वि सत्थु गुरु, तित्थु वि वेउ वि कव्वु ।
वच्छु जु दीसै कुसुमियउ, ईंधणु होसइ सव्वु ॥२४॥
पंचहँ णायकु वसिकरहु, जेण होंति वसि अण्ण ।
मूल विणट्ठइ तरुवरहँ, अवसइँ सुक्कहिँ पण्ण ॥२५॥
उव्वस वसिया जो करइ, वसिया करइ जु सुण्णु ।
वलि किज्जउँ तसु जोइयहिँ, जासु ण पाउ ण पुण्णु ॥२६॥

---

जोड़े हुए दोष भी गुण हो जाते हैं ।

२१. शत्रु भी मधुरता से शांत हो जाता है और सभी जीव वश में हो जाते हैं। त्याग कवित्व और पौरुष से ही पुरुष की कीर्ति नहीं होती है।

२२. जो ध्यानाग्नि से कर्मकलंकों को दग्ध करके नित्य निरंजन ज्ञानमय हो गए हैं उन परमात्म को नमन करता हूँ ।

२३. रूप में पतंग, शब्द में मृग, स्पर्श में गज, गंध में अलिकुल तथा रस में मत्स्य नष्ट होते हैं । [यह जानकर विवेकी जीव विषयों में] क्या अनुराग करते हैं ।

२४. देवल (देवकुल), देव (जिन देव) भी, शास्त्र, गुरु, तीर्थ भी वेद भी, काव्य, वृक्ष जो कुसुमित दिखाई पड़ता है वह सब ईंधन होगा।

२५. पाँच [इंद्रियों] के नायक [मन] को वश में करो जिससे अन्य भी वश होते हैं । तरुवर का मूल नष्ट कर देने पर पत्ते अवश्य सूखते हैं ।

२६. जो उद्वास (ऊजड़) में वास करता है तथा शून्य में रहता

संता विसय जु परिहरइ, बलि किज्जउँ हउँ तासु ।
सो दइवेण वि मुंडियउ सीसु खडिल्लउ जासु ॥२७॥
बलि किउ माणुस जम्मडा देक्खंतहँ पर सारु ।
जइ उट्ठब्भइ तो कुहइ, अह डज्झइ तो छारु ॥२८॥
जेहउ मण विसयहँ रमइ, तिमु जइ अप्प मुणेइ ।
जोइउ भणइ हो जोइयहु, लहु णिव्वाणु लहेइ ॥२९॥
जो जिण सो हउँ सोजि हउँ, एहउ भाउ णिभंतु ।
मोक्खहँ कारण जोइया, अण्णु ण तंतु ण मंतु ॥३०॥
सो सिउ-संकरु विण्हु सो, सो रुद्द वि सो बुद्धु ।
सो जिणु ईसरु बंभु सो, सो-अणंतु सो सिद्धु ॥३१॥

---

और जिसके न पाप है न पुण्य, उस योगी की बलि जाता हूँ।

२७ जो विद्यमान विषयों को छोड़ देता है उसकी मैं बलि जाता हूँ। जिसका शिर खल्वाट (गंजा) है वह तो दैव से ही मूड़ा हुआ है अर्थात् वह मुंडित (मुँडिया = संन्यस्त) नहीं कहा जा सकता।

२८. मनुष्य-जन्म की बलि जाता हूँ जो देखने में परम सार है। परंतु यदि भूमि में गाड़ दे तो सड़ जाता है और जला दें तो क्षार हो जाता है!

२९ जिस प्रकार मन विषयों में रमता, उसी प्रकार यदि आत्मा के जानने में रमण करे तो हे जोगीजनो, योगी कहते हैं कि जीव शीघ्र ही निर्वाण पा जाय।

३०. जो जिन है वह मैं हूँ, वही मैं हूँ—निर्भ्रान्त होकर इसकी भावना कर। हे जोगिन्, मोक्ष का कारण कोई अन्य तंत्र मंत्र नहीं है।

३१ वही शिव है, वही शंकर है, वही विष्णु है, वही रुद्र है, वही बुद्ध है, वही जिन है, वही ईश्वर है, वही ब्रह्म (ब्रह्मा) है, वही अनंत है, और वही सिद्ध है।

पइँ मेल्लन्तिहे महु मरणु मइँ मेल्लन्तहो तुज्झु ।
सारस जसु जो वेग्गला सो वि कृदन्तहो सज्झु ॥१०९॥
तुम्हेहिं अम्हेहिं जं कियउं दिट्ठउँ बहुअ-जणेण ।
तं तेवड्डउ समर-भरु निज्जउ एक्क खणेण ॥११०॥
तउ गुण-संपइ तुज्झ मदि तुध्र अणुत्तर खंति ।
जइ उप्पत्तिं अन्न जण महि-मंडलि सिक्खन्ति ॥१११॥
अम्बणु लाइवि जे गया पहिअ पराया के वि ।
अवस न सुअहिँ सुहच्छिअहि जिवँ अम्हइँ तिवँ ते वि ॥११२॥
महु कंतहो बे दोसडा हेल्लि म झंखहि आलु ।
देन्तहो हउं पर उव्वरिअ जुज्झंतहो करवालु ॥११३॥
जइ भग्गा पारक्कडा तो सहि मज्झु पिएण ।
अह भग्गा अम्हहं तणा तो तें मारिअडेण ॥११४॥

---

१०९. तुझे छोड़ते हुए मेरा मरण है और मुझे छोड़ते हुए तेरा। सारस के समान जो दूर रहेगा वह कृतान्त (यम) का साध्य होगा।

११०. तुमने हमने जो किया उसे बहुत जनों ने देखा। वह उतना बड़ा समर एक ही क्षण में जीत लिया गया।

१११ काश, तुम्हारी गुण-सम्पति, तुम्हारी मति और तुम्हारी अनुत्तर (लाजवाब) क्षमा को महिमंडल में जन्म लेकर अन्य भी सीख लेते!

११२ अपनापन जगाकर जो कोई पथिक पराये की तरह चले गए वे भी अवश्य ही सुख-शय्या पर न सोते होंगे, जैसे हम हैं वैसे वे भी।

११३. मेरे कंत के दो दोष हैं, हे सखी झूठ मत बोल। दान देते हुए केवल मैं उबरी (बची) हूँ और जूझते हुए करवाल।

११४. हे सखी, यदि शत्रु भागे हैं तो मेरे प्रिय से, और यदि हमारे [लोग] भागे हैं तो उसके मारे जाने से।

लोणु बिलिज्जइ पाणिएण अरि खल मेह म गज्जु ।
बालिउ गलइ सु झुम्पडा गोरी तिम्मइ अज्जु ॥१५४॥
विहवि पणट्ठइ वंकुडउ रिद्धिहिँ जण-सामन्नु ।
कि पि मणाउं महु पिअहो ससि अणुहरइ न अन्नु ॥१५५॥
जाइज्जइ तहिं देसडइ लब्भइ पियहो पमाणु ।
जइ आवइ तो आणिअइ अहवा तं जि निवाणु ॥१५६॥
जउ पवसन्तें सहुँ न गय न मुअ विओएँ तस्सु ।
लज्जिज्जइ संदेसडा दिन्तेहिँ सुहय-जणस्सु ॥१५७॥
जाउ म जन्तउ पल्लवह देक्खउँ कइ पय देइ ।
हिअइ तिरिच्छी हउँ जि पर पिउ डम्बरइँ करेइ ॥१५८॥
हरि नच्चाविउ पंगणइ विम्हइ पाडिउ लोउ ।
एम्वहिं राह-पओहरहं जं भावइ तं होउ ॥१५९॥

---

१५४ लोन पानी से विला रहा है; अरे खल मेघ, मत गरज । जला हुआ वह झोंपड़ा गल रहा है और गोरी आज तीत (भींज) रही है ।

१५५ विभव के नष्ट होने पर बाँकुरा और ऋद्धि में जन-सामान्य [की तरह] । मेरे प्रिय की अनुहार कुछ थोड़ा सा शशि करता है, अन्य नहीं ।

१५६. उस देश में जाइए जहाँ प्रिय का प्रमाण (पता) मिले । यदि आवे तो आनिए (लाइए) अथवा वहीं [मेरा] निर्वाण (मृत्यु) हो ।

१५७ जो प्रवास करते हुए के साथ नहीं गई और न उसके वियोग में मुई (मरी) ही, तो सुहृदजन को संदेश देती हुई लजाती हूँ ।

१५८. जाओ (जाने दो); जाते हुए को मत पालो (रोको) । देखूँ कितने पग देता है ! हृदय में तो मैं ही तिरछी होकर पड़ी हूँ, प्रिय केवल [जाने का] आडंबर कर रहा है ।

१५९. हरि को प्रांगण में नचाया, लोगों को विस्मय में डाला

गम्पिणु वाणारसिहिँ नर अह उज्जेणिहिँ गम्पि ।
मुआ परावहिँ परम-पद दिव्वंतरइं म जम्पि ॥१६४॥
रवि-अत्थमणि समाउलेण कंठि विइण्णु न छिण्णु ।
चक्कें खण्डु मुणालिअहे नउ जीवग्गलु दिण्णु ॥१६५॥
वलयावलि निवडण-भएण धण उद्धब्भुअ जाइ ।
वल्लह' विरह-महादहहो थाह गवेसइ नाइ ॥१६६॥
पेक्खेविणु मुहु जिण-वरहो दीहर-नयण सलोणु ।
नावइ गुरु-मच्छर-भरिउ जलणि पवीसइ लोणु ॥१६७॥
अब्भा लग्गा डुंगरिहिं पहिउ रडन्तउ जाइ ।
जो एहा गिरि-गिलण-मणु सो किं धणहे धणाइ ॥१६८॥

---

को लेना [ और लेकर ] पालन करना—बिना शान्ति तीर्थंस्वर ( तीर्थंकर ) के [ इस ] भुवन में कौन [ कर ] सकता है ।

१६४. वाराणसी में जाकर अथवा उज्जयिनी में जाकर लोग मर कर परम पद पाते हैं, दिव्यान्तरों ( अन्य लोकों ) को मत कहो ।

१६५. रवि के अस्त होने पर समाकुल चक्रवाक ने मृणाल के खण्ड को कंठ में डाला पर छिन्न नहीं किया, मानों [ निकलते हुए ] जीव के लिए अर्गला दे दी ।

१६६ [ कृशता के कारण ] वलयावली के गिरने के भय से धन्या ऊर्ध्वभुज होकर ( भुजा ऊपर उठाकर ) जा रही है; वल्लभ के विरह के महा दह ( सरोवर ) की मानो थाह ले रही है ।

१६७. जिनवर का दीर्घ नयनों वाला सलोना मुह देखकर मानों अत्यन्त मत्सर ( ईर्ष्या ) से भरकर लोन ज्वलन ( अग्नि ) में प्रवेश करता है ।

१६८ अभ्र डूँगरों से लगे हैं ( छाये हैं ); पथिक रटता ( रोता ) हुआ जाता है कि जो इस गिरि को भी निगलने का मनवाला ( इच्छुक ) है वह क्या धन्या पर कृपा करेगा ?

